Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 105 | गुरूवार, 17 अप्रैल -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## केशव प्रसाद मौर्य का तंज

# गांधी परिवार के गुलाम की तरह काम कर रही कांग्रेस



**नई दिल्ली।**

एक्स पर केशव प्रसाद मौर्य ने लिखा कि लोकतंत्र में संविधान और कानून से बड़ा कोई नहीं। लेकिन विडंबना यह है कि परिवारवादी राजनीति की चाशनी में पले-बढ़े नेता खुद को देश और संविधान-कानून से अपने को बड़ा समझने का अहंकार पाल लेते हैं। आज की तारीख में गांधी परिवार इसकी जीती-जागती मिसाल है। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गांधी परिवार की आलोचना करते हुए कहा कि वंशवादी राजनीति करने वाले नेता खुद को देश और कानून से ऊपर समझते हैं। एएनआई से बात करते हुए मौर्य ने कहा कि कांग्रेस पार्टी गांधी परिवार की गुलाम की तरह काम कर रही है। देश के सभी 140 करोड़ लोगों के लिए संविधान एक समान है। नेशनल हेराल्ड मामले में बहुत बड़ा घोटाला हुआ, बहुत बड़ा भ्रष्टाचार हुआ, जिसकी जांच कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ही शुरू हुई थी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जांच एजेंसियों को अपना काम करने देना चाहिए। वहीं, एक्स पर केशव प्रसाद मौर्य ने लिखा कि लोकतंत्र में संविधान और कानून से बड़ा कोई नहीं। लेकिन विडंबना यह है कि परिवारवादी राजनीति की चाशनी में पले-बढ़े नेता खुद को देश और संविधान-कानून से अपने को बड़ा समझने का अहंकार पाल लेते हैं। आज की तारीख में गांधी परिवार इसकी जीती-जागती मिसाल है। इस मामले में उनका अहंकार शिखर पर है। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड केस में गांधी परिवार के दो अहम सदस्य सोनिया गांधी और उनका बेटा राहुल गांधी जमानत पर है। यानी अदालत ने उनको जमानत दी है।

**यह कानून के राज का सीधा अपमान है**

मौर्य ने कहा कि संविधान की लाल किताब जिसे राहुल गांधी अपने कपार में रखकर देश भर में घूमते हैं, उसी के मुताबिक उन पर कार्रवाई की जा रही है। जैसा कि संवैधानिक एजेंसी ईडी ने मां–बेटा दोनों को लेकर चार्जशीट फाइल की है, अगर दोनों इससे संतुष्ट नहीं है तो वह अदालत की चौखट पर जा सकते हैं। लेकिन जांच को बदले को राजनीति कहना सरासर संविधान और कानून का अपमान है। समस्या यह भी है कि ऐसे मामले में सभी परिवारवादी पार्टियों का सुर एक हो जाता है जो लोकतंत्र का अपमान है।

## भारत दौरे पर आ रहे अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, प्रधानमंत्री मोदी से करेंगे मुलाकात



**नई दिल्ली।**

अमेरिकी उपराष्ट्रपति इस सप्ताह इटली और उसके बाद भारत की यात्रा करेंगे। उपराष्ट्रपति और दूसरा परिवार सांस्कृतिक स्थलों पर कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे। इटली के रोम में उपराष्ट्रपति प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी से मिलेंगे।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और द्वितीय परिवार 18 अप्रैल से 24 अप्रैल तक भारत और इटली की यात्रा करेंगे। उपराष्ट्रपति प्रत्येक देश के नेताओं के साथ साझा आर्थिक और भू-राजनीतिक प्राथमिकताओं पर चर्चा करेंगे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के कार्यालय ने एक बयान जारी कर उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और द्वितीय परिवार की 18 अप्रैल से 24 अप्रैल तक इटली और भारत की यात्रा की घोषणा की।

वेंस के साथ उनकी पत्नी उषा वेंस भी होंगी। यह संयुक्त राज्य अमेरिका की द्वितीय महिला के रूप में उषा वेंस की अपने देश की पहली यात्रा होगी। वे आंध्र प्रदेश से जुड़ी हैं और उनके पास ढेरों साख है तथा अमेरिकी राजनीतिक व्यवस्था में भारतीय संस्कृति का भी समावेश है। जेडी वेंस की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जिसकी घोषणा इस साल फरवरी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ पीएम मोदी की बैठक के दौरान की गई थी।

## दिल्ली का तापमान 39 डिग्री पार, लेकिन लू से राहत बरकरार




**नई दिल्ली।**

साफ आसमान और दिनभर तेज धूप के बीच बुधवार को दिल्ली का तापमान 39 डिग्री के पार पहुंच गया। हालांकि, कहीं भी लू के हालात नहीं बने। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि बदलते मौसमी हालात के चलते अगले एक हफ्ते तक दिल्ली में लू के आसार नहीं हैं। बुधवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक था। सबसे अधिक न्यूनतम तापमान पीतमपुरा में 28.3 डिग्री रहा। अधिकतम तापमान 39.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.3 डिग्री अधिक था। हवा में नमी का स्तर 73 से 31 प्रतिशत रहा। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि गुरुवार को दिनभर आसमान साफ रहेगा।

## अवैध प्रवासियों को वापस जाने पर पैसा-टिकट देगा अमेरिका




**नई दिल्ली।**

अमेरिका ने अवैध प्रवासियों को देश छोड़कर जाने के लिए नई योजना पेश की है। इसके अंतर्गत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बिना दस्तावेज के रह रहे लोगों को घर वापसी के एवज में पैसों की मदद करने की बात कह रहे हैं।

हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान ट्रंप ने कहा कि उनकी सरकार खुद से अपने देश वापसी करने वालों को विमान की टिकट और भत्ता देगी। अमेरिका का यह कदम गंभीर आपराधिक रिकॉर्ड वाले व्यक्तियों को उनके देश वापस भेजने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है, जिससे अच्छे व्यक्तियों के लिए वैध रूप से अमेरिका में आने का रास्ता खुले। इसे प्रवासियों को लेकर ट्रंप द्वारा पूर्व में उठाए गए सख्त कदमों की जगह वैध रूप से वापस जाने के बेहतर रास्ते के रूप में देखा जा रहा है।

हालांकि, यह योजना कब लागू होगी और इसकी योग्यता का पैमाना क्या होगा।

**प्रवासियों को लेकर ट्रंप पड़े नरम**

ट्रंप ने कहा कि सरकार उन्हें भत्ता देगी। उन्हें कुछ पैसा दिया जाएगा और विमान का टिकट भी। फिर सरकार उनके साथ काम करेगी। अगर वे अच्छे होंगे और सरकार उन्हें वापस बुलाना चाहती है, तो उन्हें जल्द बुलाने के तरीके निकाले जाएंगे।

## स्कूलों में पढ़ाया जाएगा सड़क सुरक्षा का पाठ, दस हजार बच्चों की मौत के बाद टूटी नींद

**नई दिल्ली।**

बढ़ते सड़क हादसे और उनमें हर साल हो रही हजारों बच्चों की मौतों पर सख्त रुख अपनाते हुए केंद्र सरकार ने देश भर के स्कूलों में यातायात सुरक्षा अभियान शुरू करने का ऐलान किया है। इस दौरान प्रत्येक स्कूलों में यातायात सुरक्षा को लेकर विशेष कक्षाएं आयोजित की जाएगी। इसमें बच्चों को यातायात से जुड़े नियमों की सीख जाएगी। साथ ही बताया जाएगा कि सड़क पर चलने के दौरान उन्हें इसका किस तरह से पालन करना चाहिए। इसके



अतिरिक्त यातायात सुरक्षा से जुड़े पाठ को भी जल्द ही स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने पर सहमति बनी है। वहीं स्कूलों के आसपास के पूरे क्षेत्र को सेफ स्कूल जोन घोषित करने और स्कूली बसों व वैन को कड़े सुरक्षा मानकों से लैस करने के भी निर्देश दिए है। सड़क हादसों से स्कूली बच्चों को बचाने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की मौजूदगी में बुधवार को हुई अहम बैठक में यह फैसला लिया गया है। बैठक में दोनों ही मंत्रालयों से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि वर्ष 2023 में स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों के पास हुई सड़क दुर्घटनाओं में 11 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। इनमें करीब 10 हजार मौतें 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की हुई है।

## 'अगले 12 महीनों में दोगुनी होगी एयरलाइन की संख्या'




**नई दिल्ली।**

घरेलू विमानन कंपनी स्पाइसजेट के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने बुधवार को कहा कि उनकी कंपनी की पुनरुद्धार योजना बहुत अच्छी चल रही है। उन्होंने आगे कहा कि एयरलाइन अगले 12 महीनों में अपने मौजूदा बेड़े को दोगुना करने की राह पर है। बता दें कि जनवरी में स्पाइसजेट ने अप्रैल के मध्य तक चार बोइंग बी737 मैक्स सहित अपने 10 खड़े विमानों को पुनः परिचालन में लाने की योजना की घोषणा की थी। किए गए हैं। एयरलाइन ने जानकारी दी कि विमानन कंपनी अक्टूबर 2024 से अपने बेड़े में 10 विमान जोड़े हैं - तीन खड़े विमान जिन्हें वापस सेवा में लाया गया है और सात पट्टे पर शामिल किए गए हैं। स्पाइसजेट को वित्तीय संकट और पट्टेदारों के साथ कानूनी विवादों सहित कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।

**10**

खड़े विमानों को पुन: परिचालन में लाने की योजना की घोषणा की थी।

## मुंबई और हैदराबाद मुकाबले में बुमराह पर रहेगी नजर

**नई दिल्ली।** अभी तक आपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में नाकाम रही मुंबई इंडियंस की टीम गुरुवार को बल्लेबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियों में होने वाले मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के आक्रामक बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के लिए अपने स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। चोटिल होने के कारण तीन महीने बाद वापसी करने वाले बुमराह अभी तक अपनी वैसी लय हासिल नहीं कर पाए हैं।

## 'नकद लेनदेन पर दो लाख की सीमा लागू करें, एससी का सख्त आदेश

**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को नकद लेनदेन पर दो लाख रुपये की सीमा लागू करने के लिए निर्देश जारी करते हुए कहा कि अगर कोई कानून है तो उसे लागू किया जाना चाहिए। कोर्ट ने वित्त अधिनियम 2017 के प्रविधानों के असंतोषजनक क्रियान्वयन पर चिंता व्यक्त की जिसमें नकद



लेनदेन की सीमा दो लाख रुपये तक सीमित की गई थी। इस बाबत कई निर्देश जारी करते हुए कोर्ट ने कहा कि जब भी किसी क्षेत्र में ऐसा कोई मुकदमा अदालतों के समक्ष आता है तो उन्हें उस क्षेत्राधिकार वाले आयकर विभाग को इसकी सूचना देनी चाहिए ताकि विभाग उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन करके सही कदम उठा सके। उल्लेखनीय है कि सरकार ने वित्त अधिनियम-2017 के माध्यम से एक अप्रैल, 2017 से दो लाख रुपये या उससे अधिक के नकद लेनदेन पर प्रतिबंध लगा दिया था।

## आज भी वक्फ कानून पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट




**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट वक्फ संशोधन कानून, 2025 के कुछ प्रविधानों पर रोक लगा सकता है। कोर्ट ने कहा कि वह उपयोग के आधार पर वक्फ घोषित संपत्तियों (वक्फ बाई यूजर) को गैर अधिसूचित (डीनोटीफाइ) नहीं किए जाने का अंतरिम आदेश जारी देने के बारे में सोच रहा है। कोर्ट ने केंद्रीय वक्फ परिषद व वक्फ बोर्डों में गैर मुस्लिमों को शामिल करने और वक्फ संपत्तियों के बारे में कलेक्टर की शक्तियों पर भी अंतरिम आदेश पारित करने की मंशा जताई। लेकिन केंद्र सरकार के विरोध और पहले इन मुद्दों पर उसकी दलीलें सुने जाने के अनुरोध पर कोर्ट ने बगैर कोई आदेश जारी किए मामले की सुनवाई गुरुवार तक के लिए टाल दी। अब कोर्ट गुरुवार को केंद्र सरकार और कानून का समर्थन करने वाले याचिकाकताओं की दलीलें सुनेगा। उसके बाद ही तय होगा कि इस मामले में कोई अंतरिम आदेश आएगा कि नहीं। बुधवार को प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, संजय कुमार और केवी विश्वनाथन की पीठ ने मामले पर सुनवाई की। दो घंटे तक चली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने दोनों पक्षों से कई सवाल किए। याचिकाकताओं के वक्फ संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किए जाने के विरोध पर सवाल उठाया, तो केंद्र सरकार से वक्फ बाई यूजर वाली वक्फ संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य करने पर प्रश्न किया। केंद्रीय वक्फ काउंसिल और वक्फ बोर्डों में गैर मुस्लिमों को शामिल करने के प्रविधान पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से सवाल किए तो वहीं मुस्लिम याचिकाकताओं द्वारा अनुच्छेद 26 की दुहाई देकर वक्फ अल औलाद के बारे में नए कानून के विरोध पर कोर्ट ने हिंदू उत्तराधिकार कानून की याद दिलाई।

कहा कि यह अनुच्छेद संसद को कानून बनाने से नहीं रोकता। यह सभी के लिए समान रूप से लागू होता है। कोर्ट ने केंद्रीय काउंसिल और वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने को लेकर पूछा कि क्या हिंदू धर्मार्थ ट्रस्ट में मुस्लिमों को शामिल करेंगे? खुल कर बताइये। पीठ ने संशोधित कानून के उस प्रविधान पर रोक लगाने का भी संकेत दिया, जिसमें कहा गया है कि कलेक्टर द्वारा यह जांच किए जाने तक कि संपत्ति सरकारी भूमि है या नहीं, वक्फ संपत्ति को वक्फ नहीं माना जाएगा।

## संपादक की कलम से

# पर्यटन की लंबाई

हिमाचल की हर अंगड़ाई से पर्यटन निकलता है, माना तो तुम्हारे नूर से खजाना निकलता है। कुछ यूं कहते और सोचते हैं हिमाचल के मुख्यमंत्री, जब पर्यटन की हर सीढ़ी पर आर्थिक लाभ दिखाई देता है। पर्यटन की लंबाई में एक बार पैमाइश हो जाए, तो जिक्र हिमाचल के हर गांव तक का होगा। योजनाएं बड़ी हैं और इसीलिए कोई मुख्यमंत्री कांगड़ा एयरपोर्ट के विकास को लेकर सदी की सबसे बड़ी संरचना के प्रति अडिग है। वह जब कांगड़ा को टूरिज्म मानचित्र पर राजधानी के रूप में देखता है, तो वनखंडी चिडि ?ाघर और पौंग झील में आर्थिकी का पुनर्वास दिखता है। हमें लगता है हिमाचल का हर हिस्सा और हर घर से पर्यटन निकलता है। ऐसे स्लोगन कांगड़ा को पर्यटन की राजधानी बनाएंगे, बल्कि पूरे हिमाचल को पर्यटन घर बनाने की इच्छाशक्ति होगी, तो आर्थिकी के मजमून अपने आप मजबूत और सारी अधोसंरचना निखर जाएगी। हिमाचल को देखने या हिमाचल में पर्यटन को देखने का बजट नहीं, वक्त चाहिए। बिलासपुर की परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर्यटन की झील में तैरती योजनाओं का जिक्र करते हैं। वह 25 सौ करोड़ के खाके में दर्ज होती अधोसंरचना का उल्लेख करते हुए निवेशक का स्वागत कर रहे हैं। दो सौ नए होटलों की भागीदारी में हिमाचल कल कहां होगा, यह प्रतीक्षा जरूरी है। पर्यटन से होटलों का जुड ?ा एक बात है, लेकिन पर्यटन को होटल में ही आबाद नहीं किया जा सकता है। अगर दो सौ नए होटलों में निवेश की राहें खोजनी हैं, तो हिमाचल पर्यटन के सर्किटों में खुद को तलाशना होगा। पर्यटक के व्यवहार में हिमाचल की मंजिलें, अलग-अलग कहानी हैं। आज की तारीख में भी वह अटल टनल को लांघने की इच्छा से बाहर नहीं आ पा रहा है, तो हमें उसका रुख मोड ?ा होगा। रोमांच तो मनाली पहुंचने के सफर में कीरतपुर से ही शुरू हो जाता है, लेकिन हमारे मीलपत्थर अन्य जगहों का जिक्र नहीं करते। मनाली घूमने आए पर्यटक को जिस दिन बिलासपुर-मंडी कुछ दिन रोक लेगा, हमारा पर्यटन उस दिन मुकम्मल होगा। मकलोडगंज के रास्ते पर ऊना विकसित हो जाएगा या हम डेस्टिनेशन के रास्तों पर रोमांच के दिन ढूंढ लाएंगे, उस दिन पर्यटन का दिन होगा। हिमाचल की सडकें जिन प्राकृतिक नजारों से गुजरती हैं, वहां पर्यटन का भविष्य सुदृढ़ करना होगा। पर्यटन के लिए जंगल से जमीन, नदियों से गति, हवाओं से सुकून, मौसम से मजमून और विकास से नई मंजिलें मांगनी होंगी। प्रदेश के हर बड़े शहर और छोटे से छोटे कस्बे में सैलानियों के लायक जुनून खोजना होगा। हो सकता है दो सौ होटलों में निवेश के लिए पांच सौ लोग आगे आ जाएं, लेकिन सैलानियों के सुकून के छोटे-छोटे धंधों में अगर दो लाख बेरोजगार भी आ गए तो क्रांति आ जाएगी। इसलिए युवा उद्यमियों की फेहरिस्त में मनोरंजन, रोमांच, खानपान, उत्सव, स्मृति चिन्ह और हिमाचली उत्पादों को जोडकर निवेश के अवसर तैयार किए जाएं, तो हर सडक पर पर्यटन के हजारों ठहराव विकसित होंगे। हाईवे टूरिज्म को हिमाचल का गाइड बनाया जाए, तो कीरतपुर से निकलते ही पर्यटक को एक साथ कई मंजिलें-कई स्वागत द्वार मिलेंगे। बेशक हाई एंड टूरिस्ट को आलीशान होटल, एकांतवास, वेलनेस सेंटर चाहिएं, लेकिन हिमाचल की विविधताओं, क्षमताओं, परंपराओं, फलोत्पादन, गीत-संगीत, जीवन शैली व लोक कलाओं से जोडे के लिए युवा हाथ चाहिए।



ललित शर्मा
संपादक

# सीएम योगी की जीरो टॉलरेंस नीति ने प्रदेश में अपराधों में आई भारी कमी



उत्तर प्रदेश में बल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति समेत बच्चे के अधिकारों के लिए ऑपरेशन बचपन और खोज चलाया गया। इसमें ऑपरेशन बचपन के तहत बाल श्रम व बाल भिक्षावृत्ति के मामलों में 2,860 बच्चों को बचाया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति ने पिछले आठ वर्षों में अपराधियों की कमर तोड़ कर रख दी है। इस दौरान एक लाख से अधिक अपराधियों को जेल और मुठभेड़ में 227 को यमलोक भेजा गया। इतना ही नहीं योगी सरकार के निर्देश पर मिशन शक्ति फेज-5 के तहत प्रदेशभर में ह्यदस का दमह्ण नामक विशेष ऑपरेशन चलाए गए। इसमें ऑपरेशन गरुड़, ईगल, मजनू, रक्षा, बचपन, खोज, शील्ड, डेस्ट्राय, नशा मुक्ति और त्रिनेत्र आदि शामिल हैं। इन ऑपरेशन के जरिये यूपी पुलिस ने महिलाओं, बेटियों, बच्चों, युवाओं और समाज के कमजोर वर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित की है। वहीं ऑपरेशन त्रिनेत्र ने जघन्य अपराधों का खुलासा कर अपराधियों को सलाखों के पीछे धकेला है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि सीएम योगी की मंशानुसार मिशन शक्ति फेज-5 के तहत यूपी पुलिस ने प्रदेश भर में दस ऑपरेशन चलाए। यूपी पुलिस का यह अभियान अपराधियों के लिए काल बन गया है। योगी सरकार का ह्यदस का दमह्ण ऑपरेशन ने प्रदेश को अपराध से मुक्त करने की संकल्पना है, जिसे जमीन पर सफलतापूर्वक उतारा गया है। इन ऑपरेशन के जरिए 1 लाख से अधिक लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई।

**अपराधियों पर लगाम लगाने और जघन्य अपराधों के खुलासे में ऑपरेशन त्रिनेत्र रहा अहम:** डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत प्रदेश भर में संवेदनशील स्थानों को चिन्हित किया गया। इसके बाद प्रदेशभर में 11,07,782 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। ये सीसीटीवी थानों से जोड़े गए ताकि कैमरा कंट्रोल रूम्स से घटनाओं पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसी का नतीजा है कि डकैती, लूट समेत कुल 5,718 जघन्य अपराधों का सफल खुलासा किया गया।

ऑपरेशन मजून ने बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा की पुख्ता, 58,624 दबोचे गये

महिलाओं और बच्चियों से जुड़े साइबर अपराधों पर नियंत्रण के लिए ऑपरेशन गरुड़ चलाया गया। अभियान के तहत 2,597 प्राथमिकी पत्रों की जांच की गई, जिनमें से 2,407 का निस्तारण किया गया। वहीं पूर्व में पंजीकृत 1,179 अभियोग में से 449 का निस्तारण किया गया और 498 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही 405 के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किए गए। इसी तरह स्कूल-कॉलेजों के आसपास बच्चों और महिलाओं से छेड़छाड़ करने वालों सौहदों के खिलाफ ऑपरेशन मजनू चलाया गया। इस अभियान में 7,554 स्थानों को चिह्नित किया गया और 58,624 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं ऑपरेशन ईगल के तहत महिलाओं से संबंधित अपराधों में जेल से बाहर आए 7,963 अपराधियों में से गिरफ्तार-हाजिर अदालत 5,166 को चिन्हित किया गया। इसके दौरान 2,683 अभियुक्त गिरफ्तार-हाजिर अदालत हुए। वहीं 4,294 के खिलाफ चार्जशीट दायर की गई। ऑपरेशन रक्षा के तहत स्पा सेंटर, मसाज पार्लर में छिपे मानव तस्करी के मामलों में 56 महिलाओं/बालिकाओं को रेस्क्यू कर 49 का पुनर्वास कराया गया।

बाल अधिकारों की सुरक्षा को चलाए गये ऑपरेशन बचपन और खोज

प्रदेश में बल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति समेत बच्चे के अधिकारों के लिए ऑपरेशन बचपन और खोज चलाया गया। इसमें ऑपरेशन बचपन के तहत बाल श्रम व बाल भिक्षावृत्ति के मामलों में 2,860 बच्चों को बचाया गया। वहीं 1,207 केसों में कार्यवाही हुई। इसी तरह ऑपरेशन खोज के तहत रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, आश्रयगृहों से 3,327 गुमशुदा बच्चों को पुनर्वासित किया गया।

साइबर व नशीले पदार्थों के खिलाफ भी चला योगी का हंटर

ऑपरेशन शील्ड के तहत 29,773 एसिड की दुकानों को चेक किया। वहीं 725 के खिलाफ कार्रवाई की गयी। ऑपरेशन डेस्ट्राय के तहत अश्लील साहित्य व सीडी के 748 मामले अभियोग दर्ज हुए। ऑपरेशन नशा मुक्ति के तहत नशे के विरुद्ध 4,750 हॉट स्पॉट चिन्हित कर 2,752 अभियोग पंजीकृत किए गए और 33,391 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

# दुनियाँ के अखाड़े में दो आर्थिक महारथियों का टैरिफ दंगल- चीन के 125 परसेंट पर अमेरिका ने 245 परसेंट टैरिफ ठोका



गोंदिया

वैश्विक स्तरपर भारत में बड़े बुजुर्गों द्वारा कहीगई कहावतें सटीक बैठती है, जो हम भारत में ही नहीं पूरी दुनियाँ में हर बार देखते हैं, महसूस करते रहते हैं।भारत में कहावत है कि दो हाथियों की लड़ाई में तीसरा पक्ष पिसता है, जो सटीक सिद्ध हो रहा है।वैसे तो ट्रंप के टैरिफ दंश ने पूरी दुनियाँ को सांसत में डाल दिया है, परंतु मेरा ऐसा मानना है कि यह टैरिफ एक हथियार का काम करते जा रहा है, यानें जो देश अमेरिका के कहे अनुसार चलेगा उसपर टैरिफ रूपी रस्सी की ढील दी जाएगी, तथा जो उसके अनुसार नहीं चलेगा उसपर टेरिफ रूपी रस्सी को फंदा बना दिया जाएगा? इसकी सटीकता का प्रमाण हमें देखने को मिल रहा है कि, चीन हिम्मत दिखाकर 125 परसेंट टैरिफ अमेरिका पर ठोका, तो दूसरे पक्षने मंगलवार देर रात्रि 245 परसेंट टैरिफ की घोषणा कर दी व दूसरे देश पर लगाए गए टैरिफ को फिलहाल 90 दिनों के लिए रोक दिया गया है। यानें चीन इकलौता ऐसा देश होगा जिसपर 245 परसेंट टैरिफ होगा जो पूरी दुनियाँ की सप्लाई चैन को बाधित कर महंगाई व क्वालिटी को प्रभावित कर सकता है। चूँकि करीब करीब सभी सामान किसी एक देश में निर्मित नहीं होते, यानें उसके पाट्र्स कहीं ना कहीं किसी न किसी देश से बुलाने पड़ते हैं जिसको असेंबल कर वह प्रोडक्ट बनाया जाता है जो मोबाइल से लेकर अनेकों इलेक्ट्रॉनिक सामानों मे देखा जा सकता है, इसलिए सप्लाई चैन का भारी झटका लग सकता है, जिसका प्रभाव महंगाई के रूप में आम जनता को चुकाना पड़ सकता है। दूसरे एंगल से हम देखें तो इस सप्लाई चैन बाधित में अवसर भी देखा जा सकता है, क्योंकि अगर चीन पर भारी टैरिफ लगा है तो दूसरे देश खासकर भारत के लिए अवसर ही साबित हो सकता है क्योंकि चीनी सामानों की आपूर्ति बाधित होने से अमेरिका व सहयोगी देश वह पाट्र्स या समान भारत से मंगा सकते हैं, जो भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित हो सकता है।चूँकि दो हाथियों की लड़ाई में टेरिफ रूपी चक्की में पिसती दुनियाँ है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से




चर्चा करेंगे, दुनियाँ के अखाड़े में दो आर्थिक महारथियों का टैरिफ दंगल, चीन के 125 परसेंट टैरिफ पर अमेरिका ने 245 परसेंट टैरिफ ठोका।

साथियों बात अगर हम अमेरिका द्वारा चीन पर 245 परसेंट टैरिफ लगाने की करें तो, व्हाइट हाउस के अनुसार, यह कदम चीन की प्रतिशोधात्मक व्यापार नीतियों के जवाब में उठाया गया है। इससे पहले, चीन ने अमेरिकी उत्पादों पर 125 पेर्सेंट तक टैरिफ बढ़ाया था, जिसके बाद अमेरिका ने यह प्रतिक्रिया दी है।यह टैरिफ वृद्धि चीन के लिए एक गंभीर आर्थिक चुनौती बन सकती है, क्योंकि इससे चीनी उत्पादों की अमेरिकी बाजार में प्रतिस्पर्धा क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।इस कदम को अमेरिका की अमेरिका फर्स्ट व्यापार नीति के तहत देखा जा रहा है, जिसका उद्देश्य घरेलू उद्योगों की सुरक्षा और रोजगार सृजन को बढ़ावा देना है।विशेषज्ञों का मानना है कि यह व्यापार युद्ध वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर भी असर डाल सकता है, जिससे अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाएं भी प्रभावित हो सकती हैं।इस स्थिति में, चीन को अपने व्यापारिक दृष्टिकोण पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता हो सकती है, ताकि दोनों देशों के बीच व्यापारिक तनाव को कम किया जा सके। अमेरिका राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाऊस ने कहा है कि चीन को अपनी जवाबी कार्रवाई के कारण अब अमेरिका में आयात पर 245 प्रतिशत तक शुल्क का सामना करना पड़ेगा। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रूथ पर मंगलवार को अलग से दी जानकारी में कहा कि चीन ने बड़े बोइंग सौदे के तहत विमानों को स्वीकार करने से इंकार कर दिया है। ये उन खबरों की पुष्टि करता है जिसमें दावा किया गया था कि चीन ने अपनी विमान कंपनियों से अमेरिका विमान विनिमार्ता कंपनी बोइंग से विमानों की आपूर्ति न लेने को कहा है। ट्रंप ने इस खबर की जानकारी देते हुए चीन जैसे अपने विरोधियों के साथ व्यापार युद्ध में अमेरिका और उसके किसानों की रक्षा करने का संकल्प लिया। व्हाइट हाऊस ने मंगलवार को जारी तथ्य पत्र में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने आयातित प्रसंस्कृत महत्वपूर्ण खनिजों तथा उनसे बने उत्पादों पर अमरीकी निर्भरता से उत्पन्न राष्ट्रीय सुरक्षा जोखिमों की जांच शुरू करने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। चीन एकमात्र ऐसा देश है जिसने अमेरिका की शुल्क नीति के खिलाफ जाते हुए जवाबी शुल्क लगाया है। साथियों बात अगर हम आपसी बातचीत कर मामला सुलझाने में दबाव के एंगल से देखें तो, मंगलवार देर शाम को व्हाइट हाउस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, "मुक्ति दिवस पर अमेरिका ने उन सभी देशों पर 10 परसेंट टैरिफ लगाया, जो अमेरिका से ज्यादा टैक्स वसूलते हैं, 75 से ज्यादा देशों ने नए व्यापार सौदे पर बातचीत करने के लिए अमेरिका के साथ संपर्क किया, इसलिए इन पर लगाए गए टैरिफ को फिलहाल रोक दिया गया, सिवाय चीन के, जिसने जवाबी कार्रवाई की, इसी जवाबी कार्रवाई के नतीजे के रूप में अमेरिका में चीनी सामानों के आयात पर 245 परसेंट टैरिफ लगाया जा रहा है, इस बीच, व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन के साथ व्यापार समझौता करने के लिए तैयार हैं, लेकिन बीजिंग को पहले कदम उठाना चाहिए। ट्रंप के बातचीत वाले बयान के बाद चीन ने अमरीका के साथ शुल्क को लेकर जारी विवाद के बीच नया शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय व्यापार वातार्कार बुधवार को नियुक्त किया। अमेरिका के राष्ट्रपति के उस बयान के बाद यह कदम उठाया गया जिसमें उन्होंने कहा था कि शुल्क गतिरोध को समाप्त करने के लिए समझौता करने की जिम्मेदारी अब चीन पर है।

चीनी वाणिज्य मंत्रलय के अनुसार, ली चेंगगांग को वांग शॉवेन की जगह नियुक्त किया गया है। शॉवेन ने चीन और अमरीका के बीच 2020 के व्यापार समझौते के लिए व्यापार वार्ता में चीन का प्रतिनिधित्व किया था। एक तरफ अमेरिका का चीन से कहना है कि वे अपने राष्ट्रपति से अनुरोध करें कि वह ट्रंप से बात करें, जबकि चीन ने टैरिफ वॉर से पीछे न हटने का मन बना लिया है।

## फिज़ां ने कैसा रंग दिखलाया

उदय किशोर साह



कविता

बागों की कलियाँ हमें देख मुस्कराई
छू मंतर हो गई मेरी गम व तन्हाई
फिजां ने कैसा ये रंग आज दिखलाया
जीवन जीने की नई आस ये जगाया

पहाड़ो की तन पे छाई है जवां हरियाली
अँबर पे डोल रही है मेघा काली काली
वन में मोरनी ने ओढ़ चुनरी है नाचे
बादलों की गड़गड़ाहट जैसे दुन्दभि बाजे

आरे वरसा तुँ प्यार की बूँद बरसा जा
प्यासे धरती की अब तुम प्यास बुझा जा
खेत खलिहान के तन पे सजा जा हरियाली
नदी ताल तलैया अब भी है यहाँ खाली

पुरवाई ले आई है प्यार का एक संदेशा
मिलन में ना लगता है अब कछु भी अंदेशा
दीदार अक्स अपनी इस पल करा कर जाना
अब और ना मेरे बेबस दिल को। तड़पाना

दो दिल मिल कर समझौता अब कर। लें
गिले शिकवे सारे आज हम दोनों भुला दें
तन मन में जीवन की आस जगा दो
हमराही बन कर आ हमें गले लगा लो

# यूपीएससी की तैयारी के लिए समाचार पत्र पढ़ने का महत्व

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) भारत की सबसे प्रतिष्ठित और चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक है। यूपीएससी की तैयारी का एक प्रमुख पहलू करंट अफेयर्स के साथ अपडेट रहना है, और अखबार पढ़ना इस संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस ब्लॉग पोस्ट में, हम यूपीएससी की तैयारी के लिए अखबार पढ़ने के महत्व पर चर्चा करेंगे और यह आपकी सफलता की संभावनाओं को कैसे बढ़ा सकता है। यूपीएससी की तैयारी के लिए अखबार पढ़ना महत्वपूर्ण क्यों है 1.। करंट अफेयर्स का व्यापक कवरेज समाचार पत्र वर्तमान घटनाओं का व्यापक कवरेज प्रदान करते हैं, जो यूपीएससी पाठ्यक्रम के अभिन्न अंग हैं:

दैनिक अपडेट: समाचार पत्र राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय समाचार, राजनीति, अर्थव्यवस्था, पर्यावरण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर दैनिक अपडेट प्रदान करते हैं। गहराई से विश्लेषण: वे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहराई से विश्लेषण और विविध दृष्टिकोण प्रदान करते हैं, जिससे उम्मीदवारों को व्यापक संदर्भ को समझने में मदद मिलती है। 2.। मुद्दों की समझ बढ़ाता है समाचार पत्र पढ़ने से उम्मीदवारों को विभिन्न मुद्दों की बारीक समझ विकसित करने में मदद मिलती है:

एकाधिक परिप्रेक्ष्य: समाचार पत्र विवादास्पद मुद्दों पर कई दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं, संतुलित और महत्वपूर्ण सोच में सहायता करते हैं। प्रासंगिक ज्ञान: वे व्यापक समझ के लिए आवश्यक ऐतिहासिक संदर्भ और पृष्ठभूमि की जानकारी प्रदान करते हैं। 3। विश्लेषणात्मक और लेखन कौशल में सुधार करता है यूपीएससी परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण समाचार पत्र पढ़ने से विश्लेषणात्मक और लेखन कौशल में काफी वृद्धि होती है:



विजय गर्ग

संपादकीय और राय टुकड़े: संपादकीय और राय टुकड़ों का विश्लेषण महत्वपूर्ण सोच और तर्क कौशल में सुधार करता है। भाषा प्रवीणता: नियमित रूप से पढ़ने से शब्दावली, व्याकरण और समग्र भाषा प्रवीणता में सुधार होता है। यूपीएससी की तैयारी के लिए समाचार पत्र पढ़ने का महत्व संघ लोक सेवा आयोग ( यूपीएससी) सिविल सेवा परीक्षा (सीएई) भारत की सबसे प्रतिष्ठित और चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक है। यूपीएससी की तैयारी का एक प्रमुख पहलू करंट अफेयर्स के साथ अपडेट रहना है, और अखबार पढ़ना इस संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस ब्लॉग पोस्ट में, हम यूपीएससी की तैयारी के लिए अखबार पढ़ने के महत्व पर चर्चा करेंगे और यह आपकी सफलता की संभावनाओं को कैसे बढ़ा सकता है।

यूपीएससी की तैयारी के लिए अखबार पढ़ना महत्वपूर्ण क्यों है 1.। करंट अफेयर्स का व्यापक कवरेज समाचार पत्र वर्तमान घटनाओं का व्यापक कवरेज प्रदान करते हैं, जो यूपीएससी पाठ्यक्रम के अभिन्न अंग हैं:

दैनिक अपडेट: समाचार पत्र राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय समाचार, राजनीति, अर्थव्यवस्था, पर्यावरण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर दैनिक अपडेट प्रदान करते हैं। गहराई से विश्लेषण: वे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहराई से विश्लेषण और विविध दृष्टिकोण प्रदान करते हैं, जिससे उम्मीदवारों को व्यापक संदर्भ को समझने में मदद मिलती है। 2.। मुद्दों की समझ बढ़ाता है समाचार पत्र पढ़ने से उम्मीदवारों को विभिन्न मुद्दों की बारीक समझ विकसित करने में मदद मिलती है:

एकाधिक परिप्रेक्ष्य: समाचार पत्र विवादास्पद मुद्दों पर कई दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं, संतुलित और महत्वपूर्ण सोच में सहायता करते हैं। प्रासंगिक ज्ञान: वे व्यापक समझ के लिए आवश्यक ऐतिहासिक संदर्भ और पृष्ठभूमि की जानकारी प्रदान करते हैं। 3। विश्लेषणात्मक और लेखन कौशल में सुधार करता है यूपीएससी परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण समाचार पत्र पढ़ने से विश्लेषणात्मक और लेखन कौशल में काफी वृद्धि होती है:

संपादकीय और राय टुकड़े: संपादकीय और राय टुकड़ों का विश्लेषण महत्वपूर्ण सोच और तर्क कौशल में सुधार करता है। भाषा प्रवीणता: नियमित रूप से पढ़ने से शब्दावली, व्याकरण और समग्र भाषा प्रवीणता में सुधार होता है। 4। निबंध और उत्तर लेखन में एड्स समाचार पत्र निबंध और उत्तर लेखन अभ्यास के लिए एक अमूल्य संसाधन हैं:

प्रासंगिक उदाहरण: वे प्रासंगिक उदाहरण, केस स्टडी और कोटेशन प्रदान करते हैं जिनका उपयोग तर्कों को प्रमाणित करने के लिए किया जा सकता है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# मेडिकल कॉलेज में डायलिसिस सेंटर पर आने वाले मरीजों को करना पड़ रहा है दिक्कतों का सामना

वेलकम इंडिया



**सिद्धार्थनगर।** जिले में माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में चल रहे डायलिसिस सेंटर पर डायलिसिस के लिए आने वाले किडनी रोगियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दूसरे तल पर स्थापित डायलिसिस सेंटर पर जाने के लिए लगाई गई लिफ्ट सालों से खराब पड़ी है। साथ ही सेंटर के हर बेड पर ऑक्सीजन की व्यवस्था भी नही है। मेडिकल कॉलेज में किसी नेफ्रोलॉजिस्ट डॉक्टर की तैनाती न होने की वजह से इमरजेंसी में बहुत से किडनी रोगियों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है। सिद्धार्थनगर के माधव प्रसाद मेडिकल कॉलेज का ये 20 बेड का डायलिसिस सेंटर है। यहां हर करीब 50 से 60 मरीजों की डायलिसिस मुफ्त में की जाती है। इस डायलिसिस सेंटर तक मरीजो को ले जाने वाली ये लिफ्ट सालों से खराब पड़ी है। डायलिसिस सेंटर पर आने वाले मरीजों ने यहां की तमाम दिक्कतो और कमीयों के बारे में बताते हुए कहा कि यहां का डायलिसिस सेंटर दूसरे तल पर है। लिफ्ट खराब होने की वजह से यहां तक पहुंचाने के लिए हम लोगों को सीढ़ियों या रैंप का सहारा लेना पड़ता है। जिसकी वजह से अक्सर मरीजों की सांस फूलने लगती है। मरीजों ने बताया इस सेंटर पर किसी भी बीएड पे आक्सीजन की व्यवस्था नहीं है। जब कि पूरी यूनिट में सेन्ट्रल आक्सीजन की व्यवस्था होनी चाहिए। डायलिसिस करा रहे कुछ पुराने मरीजों ने बताया की यहां पर नेफ्रोनोलॉजिस्ट डॉक्टर की भी तैनाती नहीं है। ऐसे में कई बार डायलिसिस के दौरान मरीज की हालत बिगड़ने पर स्पेशलिस्ट डॉक्टर और ऑक्सीजन की पर्याप्त व्यवस्था न होने की वजह से कई मरीजों को अपनी जान से हाथ भी धोना पड़ा है। मरीजों ने यहां पर ऑक्सीजन और स्पेशलिस्ट डॉक्टर की व्यवस्था सरकार को जल्द से जल्द करने की माँग की। साथ ही इन लोगो ने कहा कि वर्षों से खराब पड़ी लिफ्ट अगर नहीं बन पा रही है तो डायलिसिस सेंटर को ग्राउंड फ्लोर पर स्थापित कर देना चाहिए। डायलिसिस सेंटर के इंचार्ज प्रशांत सिंह का कहना है कि यहां पर मेंटेन ह्यूमन डायलिसिस होती है। लिफ्ट को लेकर उन्होंने बताया कि इसके लिए उन्होंने कई बार अस्पताल प्रशासन को अवगत कराया है लेकिन अभी तक लिफ्ट ठीक नहीं हो सकी है जिससे मरीजों को काफी दिक्कत होती है। वहीं उन्होंने ऑक्सीजन को लेकर कहा कि ऑक्सीजन के सिलेंडर उनके पास है अगर किसी मरीज को दिक्कत होती है तो ऑक्सीजन प्रोवाइड करते हैं। वहीं डायलिसिस सेंटर पर ऑक्सीजन की पर्याप्त सप्लाई न होने और वहां तक जाने के लिए खराब पड़ी लिफ्ट के बारे में माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल राजेश मोहन ने बताया कि लिफ्ट काफी दिनों से खराब पड़ी है जिसको ठीक करने के लिए लिफ्ट कंपनी के कर्मचारियों से संपर्क किया गया है। जल्द ही लिफ्ट काम करने लगेगी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार की मौत जांच के निर्देश

**बिजनौर।** जिला मजिस्ट्रेट महोदय बिजनौर के आदेश के क्रम में उप जिला मजिस्ट्रेट धामपुर ने जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि आवेदिका श्रीमती भगवती पत्नी श्री रामचन्द्र सिंह निवासी ग्राम शेखपुर पित्था पोस्ट मौज्जमपुर सूरज तहसील धामपुर जिला बिजनौर ने अपने प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया है कि उसका पुत्र श्री दीपक कुमार पुत्र रामचन्द्र सिंह निवासी ग्राम शेखपुर पित्था पोस्ट मौज्जमपुर सूरज तहसील धामपुर जिला बिजनौर दिनांक 12 मार्च, 2021 को अपनी मोटर साईकिल सं० यू०पी020एच-5042 से धामपुर से अपने घर आ रहा था तो धामपुर-नूरपुर रोड नींदडू पैट्रोल पम्प के पास लगभग 19:30 बजे किसी अज्ञात ने दीपक कुमार की मोटर साईकिल में टक्कर मार दी, जिस कारण दीपक कुमार की मौके पर मौत हो गयी थी। उन्होंने बताया कि उक्त दुर्घटना की मजिस्ट्रीयल जांच हेतु जिला मजिस्ट्रेट महोदय द्वारा उन्हें नामित करते हुए दुर्घटना की मजिस्ट्रीयल जांच उ०प्र० मोटर गाडी कराधान नियमावली 1998 के नियम संख्या- 30 व 31 के अन्तर्गत पूर्ण करके मजिस्ट्रीयल जांच आख्या एक माह के अन्दर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि उक्त दुर्घटना की मजिस्ट्रीयल जांच उनके द्वारा की जा रही है।

# डीएम ने पोषण पखवाड़ा पर कराया गर्भवती महिलाओ की गोदभराई एवं अन्नप्रासन्न

वेलकम इंडिया



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में बुधवार को पोषण पखवाड़ा व जनपद स्तरीय गोष्ठी का आयोजन अम्बेडकर सभागार में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पोषण पखवाड़ा के शुभारम्भ के अवसर पर सभी को बधाई दी। जिलाधिकारी ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक बुधवार व शनिवार को बीएचएनडी दिवस का आयोजन होगा, जिसमें अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं की जांच/चिन्हांकन, पोषाहार का वितरण, गोदभराई आदि करायें। उक्त 02 दिवस अपरिहार्य स्थिति में ही छुट्टी लें। गर्भवती महिलाओ को एक दिन पहले सूचित करें। रजिस्टर में गर्भवती महिला का नाम, मोबाइल नम्बर अंकित करेंगी तथा उनमें पोषाहार का वितरण करेंगी। सैम मैम बच्चों का चिन्हांकन करें। सभी लोग मिलक आकांक्षी जनपद को कुपोषण मुक्त कराकर अग्रणी जनपद की श्रेणी में लाने के लिए कार्य करें। सभी बच्चों एवं गर्भवती महिलाओ का शत-प्रतिषत टीकाकरण करायें। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार पोषण पखवाड़ा का आयोजन कराया जा रहा है। सभी लोग मिलकर कार्य करें। जिससे जनपद को कुपोषण से मुक्त कराया जा सकें।

सांसद प्रतिनिधि डुमरियागंज एस0पी0 अग्रवाल ने कहा कि गर्भवती महिलाओ व बच्चों को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण योजना है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से धात्री महिलाओ, गर्भवती महिलाओं व बच्चों को पोषाहार का वितरण की उनको कुपोषण से मुक्त कराया जायेगा। पोषण पखवाड़ा व जनपद स्तरीय गोष्ठी के अवसर पर गर्भवती महिलाओ की गोदभराई एवं अन्नप्रासन्न भी कराया गया। पोषण पखवाड़ा शपथ दिलाया गया। इसके पश्चात विकास भवन परिसर से पोषण पखवाड़ा रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर विधयक कपिलवस्तु प्रतिनिधि नितीश पाण्डेय, डीसी मनरेगा जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज शुक्ला, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, सीडीपीओ, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि उपस्थित रहें।

## रैली निकाल नामांकन, स्वच्छता व संविधान के लिये किया गया जागरुक




वेलकम इंडिया

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत लेदवा में स्कूल के बच्चों व शिक्षकों ने स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग नियन्त्रण अभियान, हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के तहत बुधवार को रैली निकाल कर गावं की सड़कों, गलियों में भ्रमण किया। विद्यालय से निकलकर बच्चों व शिक्षकों ने लोगों को स्वच्छता अपनाने और स्कूल में बच्चों के नामांकन कार्य में सहयोग देने के लिए नारा लगाया। भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के जयन्ती कार्य योजना के तहत बच्चों ने गांव में प्रभात फेरी निकाल हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान का नारा लगाया। स्कूल वापस आकर बच्चों ने निबन्ध प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की।

रैली भ्रमण के दौरान शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए बच्चों के नामांकन पर जोर दिया गया। जगह रुक कर गांव के अभिभावकों से बातचीत करते हुए बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराने की अपील की गई।

# स्कूल चलो अभियान के तहत बीईओ के नेतृत्व में निकली जागरूकता रैली

वेलकम इंडिया



**टाण्डा।** शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने और समाज में जागरूकता का संदेश देने के उद्देश्य से बुधवार को ब्लॉक भगतपुर-टाण्डा की समस्त न्यायपंचायतों में ह्लस्कूल चलो अभियानह्व के तहत भव्य जागरूकता रैलियों का आयोजन किया गया। यह अभियान खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस के कुशल मार्गदर्शन में संचालित किया गया। न्यायपंचायत पीपलसाना में एक विशेष बाइक एवं स्कूटी रैली का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व स्वयं खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस ने किया। रैली कंपोजिट विद्यालय पीपलसाना से शुरू होकर प्राथमिक विद्यालय भोजपुर धर्मपुर तक निकाली गई। इस रैली में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुँचाया गया। रैली के माध्यम से अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपने 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों को नजदीकी सरकारी विद्यालयों में अवश्य प्रवेश दिलाएं, जिससे प्रत्येक बच्चा शिक्षा का अधिकार प्राप्त कर सके। साथ ही, सरकार द्वारा स्कूलों में दी जा रही निशुल्क सुविधाओं, शैक्षणिक उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी भी लोगों को दी गई। इस अभियान के तहत न्यायपंचायत रानीनागल, भवानीपुर, कांकरखेड़ा, महेशपुर खेम और भगतपुर टाण्डा में भी न्यायपंचायत प्रभारियों के नेतृत्व में रैलियां निकाली गईं। इन रैलियों में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## दो अज्ञात बाइक सवारो ने की परचून की दुकान पर फायरिंग



वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर किरतपुर दो अज्ञात बाइक सवारों ने एक परचून की दुकान पर फायरिंग करी दुकान पर बैठे कपिल बाल बाल बचे मामला किरतपुर के कुम्हेडा गांव का है। पुलिस ने कपिल की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत किया सुबह 11:00 बजे गनौरा का रहने वाला कपिल गांव कुम्हेड़ा में परचून की दुकान करता है जैसे ही 10:00 बजे के करीब वह गांव कुम्हेड़ा के परचून की दुकान खोलकर बैठा ही था की 11:00 बजे करीब अज्ञात बाइक सवार दो लोग आए और उन्होंने चार राउंड फायरिंग की जिसमें दो गोली दुकान के काउंटर में लगी और दो गोली ऊपर छत पर लगी कपिल ने तुरंत किरतपुर पुलिस को सूचना दी किरतपुर पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल किया।

# कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर किया हल्ला बोल प्रदर्शन, डीएम को दिया ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**सिद्धार्थनगर।** प्रवर्तन निदेशालय द्वारा नेशनल हेराल्ड की सम्पत्ति को अवैधानिक तरीके से सीज किये जाने और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं श्रीमती सोनिया गांधी, राहुल गांधी एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने पर बुधवार को कांग्रेस कार्यकताओं ने जोरदार विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस जनों ने ज़िला मुख्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 को सौंपा। प्रदेश सचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस डॉ0 नादिर सलाम ने कहा कि ₹यह कार्रवाई पूरी तरह राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित है। लोकतन्त्र को कुचला जा रहा है, हम चुप नहीं बैठेंगे।₹ वहीं कांग्रेस कार्यकताओं ने मांग किया है कि ईडी की जांच की निष्पक्षता सुनिश्चित की जायें और विपक्षी नेताओं को झूठे मामलों में फंसाना बन्द किया जायें। इस दौरान जनपद के कांग्रेसी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## मंडावर पुलिस ने अभियुक्त को अवैध शस्त्र सहित किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया महमूद रजा




जनपद बिजनौर मंडावर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि मौ० शाहविलायत के अलीजा बैंकट हॉल में एक व्यक्ति को गोली लग गयी है। सूचना पर स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। घटनास्थल पर सौरभ (उम्र 19 वर्ष) पुत्र अनिल निवासी मोहल्ला शाहविलायत कस्बा व थाना मंडावर जनपद बिजनौर को पीठ में गोली लगने से घायल पाया गया, जिसे तत्काल उपचार हेतु जिला अस्पताल बिजनौर भेजा गया। पुलिस द्वारा चेक की गयी वीडियो फुटेज से यह स्पष्ट हुआ कि सौरभ उपरोक्त बारात में नाचते समय अपनी पैंट में पीठ की ओर तमंचा लगाए हुए दिखाई दे रहा है, उसी दौरान पैंट से तमंचा निकालते समय गोली चल गईथाना मंडावर पुलिस द्वारा अभियुक्त सौरभ पुत्र अनिल कुमार निवासी मौ० शाहविलायत थाना मंडावर जनपद बिजनौर को पुलिस हिरासत में लेकर अभियुक्त सौरभ की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त एक अवैध तमंचा 12 बोर व 01 खोखा कारतूस बरामद किया गया।

## भारत रत्न बाबा साहब का झंडा हटाने पर ग्रामीण आक्रोशित दोबारा झंडा लगाने के बाद मामला हुआ शांत

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** खुर्जा के सौंदा हबीबपुर गांव में बुधवार की सुबह मुख्य द्वार पर डॉ० भीमराव आंबेडकर का झंडा हटाने पर ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया। लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि इससे बाबा साहब का अपमान होने के साथ-साथ गांव के समाज का भी अपमान हुआ।

वहीं हंगामे की सूचना पर सीओ० खुर्जा समेत तीन थानों का पुलिस बल पहुंच गया। पुलिस ने झंडा दोबारा लगवाया और मामला शांत कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार खुर्जा-जेवर मार्ग की ओर से सौंदा हबीबपुर गांव के बाहर ही चौधरी राम प्रसाद की ओर से अपनी मां की स्मृति में गांव का द्वार बनाया गया है। सोमवार को जाटव समाज के लोगों ने डॉ० भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर जय भीम के नाम का एक झंडा द्वार के ऊपर लगा दिया था। दो दिन तक वह झंडा सुरक्षित रहा। गांव में रहने वाले राकेश ने बताया कि बुधवार की सुबह कुछ ग्रामीणों ने देखा कि द्वार पर लगा झंडा गायब है। जिसको हटाने की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके बाद लोगों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

# नंगथला में बाबा साहब की मूर्ति दोबारा विस्थापित हो, दोषियों को मिले कड़ी सजा : बलराज सभ्रवाल

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** उकलाना हल्के के गांव नंगथला में बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को शरारती एवं अपराधिक तत्वों द्वारा खंडित किया गया उसकी कड़ी निंदा करते हुए वरिष्ठ इनैलो नेता एवं उकलाना हल्का इनैलो प्रत्याशी बलराज सभ्रवाल ने बताया कि मैं इस घटना की कड़ी शब्दों में निंदा करता हु, और प्रशासन से मांग करता हु की जितना जल्दी हो सके इस घटना के जिम्मेवार शरारती तत्वों को पकड़ कर कड़ी सजा दी जाए, ताकि भविष्य में कोई भी शरारती तत्व ऐसी घटना के बारे में सोच भी ना सके, ऐसे असामाजिक लोगों की कोई जाति, धर्म या संप्रदाय नहीं होता, उनका मकसद एवं उद्देश्य तो बस सामाजिक ताने बाने को खराब करना और सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ना होता है, मेरी हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से तथा सभी जिलों के जिलाधीशों से एक अहम मांग है इसे मांग पत्र ही समझा जाए, और मै पूरे भारतवर्ष की सभी बाबासाहेब अंबेडकर कमेटियों से भी अपील करता हूं कि आप सभी बाबा साहब की प्रतिमा के लिए सीसीटीवी कैमरे की मांग का ज्ञापन सभी जिलों के डीसी महोदय को दे, ताकि जितनी भी बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा लगी हुई है उन सभी को सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से सुरक्षित किया जाए, और उस सीसीटीवी कैमरा की जिम्मेवारी गांव के मौजूदा सरपंच की हो, उसी के साथ उसका एक्सेस एसपी ऑफिस के कंट्रोल रूम से डायरेक्ट जुड़ा हुआ हो और इसके लिए स्पेशल एक अधिकारी और स्टाफ की ड्यूटी लगाई जाए, उन पर अलर्ट डाल दिया जाए कि जैसे ही कोई भी शरारती तत्व प्रतिमा को क्षति पहुंचाने की कोशिश करेगा।

# डॉ विकास शर्मा ने किया श्री उडिया बाबा के 78वाँ वार्षिकोत्सव पर आयोजित रसिया दंगल का फीता काटकर उद्घाटन

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**सासनी।** के गाँव बांधनू में श्री महादेव कुटिया श्री उडिया बाबा का 78वाँ वार्षिकोत्सव के मौके पर रसिया दंगल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के वरिष्ठ समाजसेवी व फॉकस अल्ट्रासाउंड सेंटर के ओनर डॉ विकास शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मुख्य अतिथि की गरिमामयी में रसिया दंगल के आयोजन का अपने हाथों से फीता काटकर उद्घाटन किया। यहां के आयोजकों ने मुख्य अतिथि डॉ विकास शर्मा का जोरदार स्वागत किया। डॉ विकास शर्मा ने टीम के सभी सदस्य व अन्य सभी लोगों का धन्यवाद आभार व्यक्त करते हुए अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा गांव बांधनू में श्री महादेव कुटिया श्री उड़िया बाबा का 78वां वार्षिकोत्सव पर आयोजित रसिया दगंल का प्रोग्राम काबिले तारीफ है। क्योंकि आयोजिको ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। डॉ विकास शर्मा ने कहा कि श्री उड़िया बाबा एक महान सिद्ध संत थे। उनका जीवन संपूर्ण समाज के लिए एक आदर्श था, और उनकी कृपा से बहुतों में भक्ति और ज्ञान की जागृति हुई। उड़िया बाबा को अन्नत सिद्धियां प्राप्त थीं और उनका रूप अलौकिक था। श्री उड़िया बाबा भारत के सिद्ध संतों में से एक थे, जिनका जीवन संपूर्ण समाज के लिए एक आदर्श था। उन्हें अन्नत सिद्धियां प्राप्त थीं और उनका रूप अलौकिक था।

उनकी कृपा से असंख्य लोगों में भक्ति और ज्ञान की जागृति हुई। उनके पास लोग अपनी विभिन्न समस्याओं का समाधान पाने के लिए आते थे। उन्होंने दूसरों की सेवा और परोपकार करने की सलाह दी। इस मौके पर ललित, संजय, विवेक, विकास, संजीव, सुनील आदि मौजूद थे।

# आम आदमी की थाली से गायब होती सब्जी

### यह हैं सब्जियों के भाव

- नींबू 150 रु किलोग्राम
- शिमला मिर्च 80 रू किलोग्राम
- तरोई 80 रू किलोग्राम
- मूली 80 रू किलोग्राम
- भिंडी 80 रू किलोग्राम
- फूल गोभी 50 से 60 रु किलोग्राम
- बंद गोभी 50 से 60 रु किलोग्राम
- गाजर 50 से 60 रू किलोग्राम
- आलू 20 से 25 रु किलोग्राम
- प्याज 30 से 40 रू किलोग्राम



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** आम आदमी की थाली से गायब होती सब्जियां। आम आदमी की थाली से गायब होती सब्जियां। हरी सब्जी आम आदमी की थाली से गायब होती जा रही है। गर्मी के साथ साथ ही सब्जियों के तेवर भी तीखे हैं। हरी सब्जियों के भाव आसमान में हैं। सब्जियां आम आदमी से दूर होती जा रही हैं। मंडी में माल कम आने से भावों में तेजी हो रही है।हालांकि कई सब्जियां आसपास के गांवों से आ रही हैं,लेकिन इसके बाद भी उनके भावों में तेजी दिखाई दे रही है।सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि कुछ समय तक भावों में तेजी रहेगी। नींबू,और भिंडी महंगी सब्जीमंडी में सबसे महंगा नींबू हो रहा है। नींबू वर्तमान में 150 रुपए किलो बिक रहा है।नींबू शिमला मिर्च के भाव आसमान पर। पेट्रोल डीजल के रेट भी महंगा कर रही सब्जियों को सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि लगातार डीजल की रेट बढ़ने से सब्जियां महंगी हो रही है। अधिकतर सब्जियां दूसरे प्रदेशों से भी आती हैं। इसलिए डीजल के भाव बढ़ने से इनकी रेट काफी अधिक हो गई है।जब छोटी जगह पर सब्जियां भेजी जाती हैं तो उनका ट्रांसपोर्ट का खर्चा और बढ़ जाता है। इसलिए भी सब्जियों के भाव काफी ऊपर चले गए हैं।आलू प्याज और टमाटर सस्ते बाजार में आलू प्याज और टमाटर ही ऐसी सब्जी है जो सस्ती है। आम आदमी के घर तक आलू और प्याज की पहुंच बनी हुई है। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि आलू बाजार में बड़ी मात्रा में मौजूद है।

# पालिका प्रशासन ने टाण्डा में चलाया अतिक्रमण और पॉलीथिन विरोधी अभियान, मचा हड़कंप




**वेलकम इंडिया,**

**टाण्डा जिला रामपुर।** जिलाधिकारी के आदेशानुसार बुधवार को नगर पालिका प्रशासन द्वारा अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार के निर्देशन में नगर के मुख्य बाजार में अतिक्रमण और प्रतिबंधित पॉलीथिन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अचानक हुई इस कार्यवाही से बाजार में अफरा-तफरी मच गई। अभियान के दौरान नगर पालिका ने सख्ती दिखाते हुए अतिक्रमणकारियों का सामान जब्त किया और जुमार्ना भी लगाया। साथ ही, कुछ दुकानदारों से प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की गई। इस कार्यवाही में 10 लोगों से कुल 6000 रुपये का जुमार्ना वसूला गया तथा 5 किलो पॉलीथिन भी बरामद की गई। इस अभियान में अवर अभियंता अभिनेष कुमार तिवारी, प्रधान लिपिक धनीराम सैनी, लेखा लिपिक शुभम भारती, कस्बा इंचार्ज रामकुमार सिंह सहित नगर पालिका का अन्य स्टाफ सक्रिय रूप से मौजूद रहा।

# निर्माणधीन दीवार गिरने से राजमिस्त्री की मौत, परिजनों में छाया शोक

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के दिल्ली नेशनल हाईवे मार्ग राज गार्डन में निमार्णाधीन दीवार के गिरने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलो को उपचार के लिए शामली भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर एक को गंभीर अवस्था में चंडीगढ़ पीजीआई के लिए रेफर कर दिया था। उपचार के दौरान राजमिस्त्री की मौत हो गई। मृतक व्यक्ति के परिजनों ने गमगीन माहौल में शव को दफना दिया है।

थाना क्षेत्र के नई बस्ती निवासी तीस वर्षीय तौफीक पुत्र रहीस राज मिस्त्री का कार्य करता है। गत मंगलवार को तौफीक अपने साथी शाहिद के साथ दिल्ली नेशनल हाईवे मार्ग स्थित राज गार्डन कॉलोनी में एक व्यक्ति के मकान का निर्माण कार्य कर रहा था। परिजनों के मुताबिक दीवार पर प्लास्टर करने के लिए पेड बांधते समय मिट्टी से बनाई गई दीवार टूट कर गिर गई। जिसके मलबे में दबाकर मिस्त्री तौफीक सहित साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद दीवार के नीचे दबे लोगो की चीख पुकार की आवाज सुनकर आसपास के लोग मदद के लिए घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। और मलबा हटाकर घायलों को उपचार के लिए शामली भर्ती कराया गया।

# परमार्थ संस्था द्वारा शुरू हुआ स्कूल चलो अभियान

**वेलकम इंडिया**




**झांसी।** शिक्षा की मुख्यधारा से वंचित बच्चों को स्कूल से जोड़ने और ड्रॉपआउट बच्चों का पुनः नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परमार्थ संस्था द्वारा आज से पांच दिवसीय स्कूल चलो अभियान की शुरूआत की गई। इस अभियान का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बीएसए कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर किया गया।

अभियान की शुरूआत पाली पहाड़ी गांव से हुई, जहां सरकारी विद्यालय में बच्चों, शिक्षकों और समुदाय के सहयोग से जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। विद्यालय परिसर में अभिभावकों को शिक्षा का महत्व समझाया गया और नामांकन के लिए प्रेरित किया गया। इसके पश्चात अभियान पालिंदा गांव पहुँचा, जहां सहारिया समुदाय के बीच सामुदायिक बैठक के माध्यम से संवाद किया गया। इस बैठक में शिक्षा को लेकर जागरूकता फैलाने के साथ-साथ उन बच्चों की पहचान की गई जो अभी तक स्कूल से बाहर हैं, ताकि उन्हें जल्द से जल्द विद्यालय से जोड़ा जा सके। यह अभियान समाज के हाशिए पर रह रहे बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की दिशा में चलाया जा रहा है, जो न सिर्फ उनके भविष्य को उज्जवल बनाएगी, बल्कि संपूर्ण समुदाय को शिक्षित समाज की ओर अग्रसर करेगी।इस मौके पर बीएसए कार्यालय का स्टाफ, सरकारी स्कूलों के शिक्षक, बच्चे तथा परमार्थ संस्था के कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# यूनीसैफ के पदाधिकारियों संग पुलिस लाइन में मीटिंग आयोजित की गयी



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन जागृति 4.0 के अनुपालन में, पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मथुरा के निर्देशन में एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, मथुरा के नेतृत्व में दिनांक 17-04-2025 से दिनांक 16-05-2025 तक जनपद के ब्लॉक स्तर / ग्रामों / स्कूल /विद्यालयों आदि में आयोजित होने वाले ऑपरेशन जागृति 4.0 के तहत महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को ऑपरेशन जागृति के मुख्य बिन्दुओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया जाएगा।

# शिक्षक संकुल की मासिक बैठक हुई संपन्न



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह व खंड शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के निर्देश पर मंगलवार को ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय गंगैचा में शिक्षक संकुल की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में अकादमिक बिंदुओं एवं प्रस्तुतीकरण करने सहित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान नोडल शिक्षक आशीष कुमार गौतम ने कहा कि शिक्षा में नए नवाचार को सम्मिलित कर छात्रों को गुणवत्तापरख शिक्षा दें। उन्होंने शिक्षकों से विचार विमर्श करते हुए शैक्षिक उन्नयन को आगे कैसे बढ़ाये तथा विभिन्न समस्याओं को हल करने का सुझाव दिया। बैठक में

न्याय पंचायत की बेस्ट प्रैक्टिस की शेरिंग, अकादमिक बिंदुओं पर चर्चा एवं प्रस्तुतीकरण, निपुण बनाने हेतु पांच पॉइंट टूल किट का प्रयोग करने व निपुण तालिका अध्ययतन करने सहित दीक्षा एप का रेगुलर प्रयोग करने यूट्यूब वीडियो पर प्रिंट रिच मटैरियल के प्रयोग, कक्षा में टीएलएम का प्रयोग करने आदि बिंदुओ पर विधिवत चर्चा की गई। इस दौरान शिक्षक संकुल व प्रधानाध्यापक मुख्तार आलम ने बैठक में आए हुए सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शिक्षक संकुल सुहेल अहमद, हिमांशु पाण्डेय, सुधीर कुमार श्रीवास्तव, मुमताज आलम सिद्दीकी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# मैरिज होम के बाहर खूनी संघर्ष चार घायल, दबंगों ने मचाया तांडव



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** कस्बे की छोटी नहर पर मैरिज होम में दावत खाने जा रहे हैं एक युवक पर आधा दर्जन से भी अधिक लोगों ने जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया आरोप है कि छुड़ाने के लिए आए अन्य परिजनों के साथ भी दबंगों ने तमंचों की बट सहित लाठी डंडों से मारपीट कर घायल किया है चार लोगों ने अपना-अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद पुलिस से शिकायत की है। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी नईम पुत्र शाहिद ने बताया कि वह कस्बे की छोटी नहर स्थित एक मैरिज हो में मंगलवार की देर रात दावत खाने के लिए जा रहा था। आरोप है कि उसके पड़ोस के ही हाजी राजा अपने परिवार के आधा दर्जन से अधिक लोगों के साथ खड़ा हुआ था और पीड़ित को जबरदस्ती पकड़ लिया और उसके साथ लाठी डंडों सहित तमंचे की बट से मारपीट कर उसे घायल कर दिया।

# हॉस्पिटल संचालक पर फायरिंग करने के मामले में दो आरोपियों से दो तमंचे और खोखा कारतूस बरामद

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम में हॉस्पिटल संचालक के घर में घुसकर ढाई माह पूर्व आधा दर्जन लोगों पर जानलेवा हमला करने के साथ ही कार सवार हॉस्पिटल संचालक पर जान से मारने की नियत से ताबड़तोड़ फायरिंग करने के मामले में जेल में बंद दो आरोपियों को पुलिस न्यायालय के आदेश पर रिमांड पर लेते हुए घटना प्रयुक्त दो तमंचे और दो खोखा कारतूस बरामद किए है। पुलिस ने रिमांड अवधि पूरी होने के बाद दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम में रंजिश के चलते गांव के ही सेठपाल, राहुल, सुमित, सोनू, अजीत व आशीष ने अपने हाथों में लाठी डंडे और धारदार हथियार लेकर पड़ोस के ही सुंदर, पप्पू, नेत्रपाल व मंजीत पर घर में घुसकर जानलेवा हमला कर दिया था। हमले में चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसी बीच नेत्रपाल का पुत्र हॉस्पिटल संचालक अमित चौहान अपनी कार में सवार होकर गांव में आ रहा था। आरोप है कि सुमित व आशीष ने कार पर जान से मारने की नीयत से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी। फायरिंग में अमित चौहान किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई थी। मामले में पीड़ित ने उक्त लोगों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए सेठपाल व अजीत को मौके से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि राहुल, सुमित, सोनू व आशीष मौके से फरार हो गए थे। बाद में उक्त चारों लोग न्यायालय में पेश होकर जेल चले गए थे। पुलिस ने मंगलवार को न्यायालय के आदेश पर सुमित व आशीष को 21 घंटे के रिमांड पर लेकर पूछताछ की, पुलिस ने दोनों आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो अवैध तमंचे और दो खोखा कारतूस गांव गढ़ी श्याम के जंगल से बरामद किए हैं।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को रिमांड अवधि पूरी होने के बाद जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि दोनों आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो तमंचे और दो खोखा कारतूस बरामद किए गए हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दिया गया है।

# वर्दी अधिकार नहीं बल्कि हमारा कर्तव्य है: राहुल प्रकाश आईपीएस



**वेलकम इंडिया**

**धौलपुर राजस्थान।** पुलिस लाइन धौलपुर में 76 वें राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर रेंज स्तरीय समारोह में महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज, भरतपुर राहुल प्रकाश ने ली परेड की सलामी। उत्कृष्ट पुलिस सेवाओं के लिए पुलिस कर्मियों एवं आमजन को किया सम्मानित, शहीद स्मारक पर चढाये पुष्प, पुलिस लाइन में किया वृक्षारोपण, फअउ लाइन में रक्तदान शिविर का किया शुभारंभ, शाम को पुलिस लाइन में होगे सांस्कृतिक कार्यक्रम। 16 अप्रैल को राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रेंज स्तरीय आयोजन रिजर्व पुलिस लाईन धौलपुर में किया गया। इस अवसर पर पुलिस लाईन परेड ग्राउंड में महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज भरतपुर राहुल प्रकाश को परेड कमाण्डर मुनेश मीणा पुलिस उप अधीक्षक धौलपुर द्वारा सलामी दी गई व सरेमोनियल परेड का आयोजन किया गया। साथ ही सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिसकर्मियो का सम्मान भी किया गयो इस अवसर पर महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज, भरतपुर राहुल प्रकाश आईपीएस द्वारा परेड की सलामी ली गई व पुलिस विभाग में बेदाग सेवा व कर्तव्य निष्ठा से पूर्ण करने पर भरतपुर रेंज के 08 पुलिसकर्मियों को सेवा चिन्हों से सम्मानित किया गया। जिसमें श्रीमती तपस्या योगी सहायक उप निरीक्षक सवाई माधोपुर, श्री नीरज गुप्ता हैड कानि. सवाई माधोपुर, श्रीमती ज्योत्सना सिंह महिला कानि. सवाई माधोपुर को राजस्थान पुलिस सेवा पदक व गिरधारी लाल हैड कानि धौलपुर, रामभरोसी हैड कानि. धौलपुर, राजवीर सिंह कानि. धौलपुर को सर्वोत्तम सेवा चिन्ह एवं खडग सिंह सहायक उप निरीक्षक भरतपुर, श्रीमती सीमा हैड कानि. जिला सवाई माधोपुर को मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया गया है।

# तेलंगाना राज्य के एक्सपोजर विजिट से लौटने पर

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावा के गाँव सेहुडा ग्राम प्रधान अफजाल अहमद के तेलंगाना राज्य के एक्सपोजर विजिट से लौटने पर ग्रामवासियों सहित क्षेत्रवासियों ने माला पहनाकर स्वागत किया। सेमरियावां ब्लाक क्षेत्र के सेहुडा के ग्राम प्रधान अफजाल अहमद का मंगलवार को तेलंगाना राज्य के एक्सपोजर विजिट से लौटने पर सेहुडा में ग्रामवासियों सहित क्षेत्रवासियों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

आपको बता दें कि पंचायती राज विभाग द्वारा तेलंगाना राज्य के उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों के भ्रमण के लिए 26 सदस्यों की एक टीम ने 7 अप्रैल से 11 अप्रैल तक भ्रमण करके जानकारी लेने के लिए भेजा गया था। इस दल में बस्ती मण्डल से सेहुडा ग्राम प्रधान अफजाल अहमद ने मण्डल का प्रतिनिधित्व किये। अपने लगन व मेहनत से साबित कर दिया कि कोई लक्ष्य नामुमकिन नहीं है। इस दौरान उन्होंने बताया कि इस विजिट से बहुत कुछ सीखने को मिला। कोशिश होगी कि उस पर अमल करूँगा। इस मौके पर ग्राम प्रधान बुढ़ाननगर अब्दुल हकीम, इजहार अहमद, बब्बू चौधरी, राज कपूर सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सामाजिक कार्य व राष्ट्रहित के कार्य का प्रण ले रखा सरदार पतविंदर सिंह ने

वेलकम इंडिया



**नैनी प्रयागराज**/सरदार पतविंदर सिंह गुरु नानक नगर,गुरुद्वारा रोड,नैनी प्रयागराज निवासी हैं इन्होंने जनसंख्या नियंत्रण प्रधानमंत्री के आह्वान पर शादी का परित्याग किया विभिन्न विधाओं एवं कार्यक्षेत्र समाज सेवा,सस्कृति,समाज कल्याण, युवा-महिला-दिव्यांग कल्याण में उत्कृष्ट व उल्लेखनीय योगदान कर देश-विदेश प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले सभी सामाजिक कार्य में तत्पर,अपनी प्रतिभा दीर्घ साधना के आधार पर श्रेष्ठ उपलब्धियों को प्राप्त किया है कहीं भी आना जाना हो तो यह अपनी साइकिल का ही उपयोग करते हैं जिसके लिए समाज से बहुत बातें भी सुननी पड़ती हैं मगर इन्होंने राष्ट्रहित में कान-आंख सब बंद कर रखा है जिससे पर्यावरण सुरक्षित,वायु प्रदूषण मुक्त रहे।

गंगा-यमुना सरस्वती भूगर्भ में पावन संगम जिसे त्रिवेणी भी कहा जाता है को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए सरदार पतविंदर सिंह मात्र 13 वर्ष की आयु से ही माघ मेला,अर्ध कुंभ, महाकुंभ मे जन जागरूकता का कार्य समाज के मध्य लगातार पूरी तत्परता-कर्तव्य-निष्ठा,निस्वार्थ भाव के साथ में कर रहे हैं। राष्ट्रीय पर्व पर राष्ट्रीय एकता सदभावना सौहार्द की अलख जगाने के लिए हमेशा लोगों के बीच शांति अहिंसा एकता सद्भावना का संदेश देते हैं ग्रामीण एवं मलिन बस्तियों में युवा-युवतियों को जागरूक बनाते हेतु राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु युवा-शक्ति को रचनात्मक कार्यों में प्रोत्साहित करते हैं कोरोना महामारी के दौरान पूरी तत्परता के साथ मानवता को बचाने के लिए मास्क, सेनिटाइजर,दो गज दूरी,बराबर हाथ धोने के लिए प्रेरित दिन-प्रतिदिन करते रहे दहेज लोभीयों के खिलाफ जन जागरूकता युवाओं को नशीले पदार्थ,गुटका नशीली दवाओं के सेवन से बचाने के लिए ज्योति जगाने का प्रयास किया कि पूरे भारतवर्ष में पूर्ण नशा बंदी लागू हो पूर्ण नशा बंदी से युवा पीढ़ी की उर्जा देश के विकास में लगे गई बाल श्रम से बचाने के लिए बच्चों के माता-पिता को जन जागरूकता कर समस्या का समाधान करना ताकि समाज के कोढ से जल्द से जल्द छुटकारा पाया जा सके।एड्स जैसी घातक बीमारी से बचाने के लिए अपने भरकर प्रयास से ग्रामीण,शहरीओं के बीच में राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रकों के ड्राइवरों को जागरूक कर एचआईवी के भयानक प्रभावों के संबंध में जागरुकता व शिक्षित किया देश में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की घट रही संख्या से बढ़ते असंतुलन को समाप्त करने के लिए कन्या भ्रूण हत्या बंद करो की आवाज से नव दंपतियों सहित आम महिलाओं,पुरुषों को जागृत किया पर्यावरण के प्रति जन चेतना जगाते हुए जगह-जगह वृक्षारोपण करना और कराना उनकी परवरिश का पूरा ध्यान रखना जिससे करोना काल में हुई ऑक्सीजन की कमी,आने वाली पीढ़ी को ना हो इसके लिए प्रति व्यक्ति को एक वृक्ष जरूर लगाना चाहिए प्रेरित बराबर कर रहे हैं।

# एकीकृत संघ के ब्लॉक अध्यक्ष साहब सिंह और महामंत्री रवि खान हुए निर्वाचित



वेलकम इंडिया

**धौलपुर राजस्थान**। राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत सैंपऊ (धौलपुर)शाखा के ब्लॉक अध्यक्ष सहित कार्यकारणी निर्वाचन आम सहमति से सम्पन्न हुआ।

चुनाव प्रभारी राकेश प्रजापति ने बताया कि शिक्षक संघ एकीकृत सैंपऊ शाखा का निर्वाचन आम राय से हुआ जिसमें संरक्षक देवेंद्र शर्मा, सभा अध्यक्ष अरविन्द भातरा, ब्लॉक अध्यक्ष साहबसिंह , वरिष्ठ उपाध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह, उपाध्यक्ष कल्याण सिंह, शायर देवी, मुकेश कुमार, महामंत्री रविखान, सचिव मनीष चौधरी लोहरे राम, निगम शर्मा, संयुक्त सचिव सुशीला चौधरी, वहीद खान, मीना कुमारी, महिला मंत्री निर्मला जांगिड, पूजा जाट, व्याख्याता प्रतिनिधि संतोष कुमार, शारीरिक शिक्षक प्रतिनिधि जोगेंद्र सिंह गुर्जर, सदस्य रामबीर सिंह, सतीश कुमार, पवन कुमार सुभाष देव नितिन कुमार, अशोक कुमार , जिला महासमिति सदस्य चन्द्रभान सिंह, चोल सिंह, राकेश प्रजापति, मधु यादव, सुशीला चौधरी, अशोक शर्मा, दुर्गाप्रसाद शर्मा, मनीष सिंह, प्रमोद पाराशर, कल्याण सिंह, निर्मला जांगिड, भरत सिंह, लोहरें राम, मुकेश कुमार, वहीद खान, पृथ्वीराज, पातीराम, विजय कुमार, रवि खान, घनश्याम मीणा, बनय सिंह, अरविन्द कुमार, विनोद किरार, साहबसिंह, संतोष मीणा , अनीता चौधरी, पूजा जाट, देवेन्द्र शर्मा, अशोक चौधरी, मंगल मीणा निर्वाचित हुए। सभी पदाधिकारियों ने शिक्षक हित कार्य करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई।

# डम्पर व ई-रिक्शा किया बंद



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर**। एआरटीओ ने ओवरलोड के अभियोग में एक डम्पर बंद किया गया। जिस पर 170320 रुपये जुमार्ना लगाया गया तथा दूसरे जनपद से लाकर ईंट बेचने वाले एक ट्रैक्टर को जक्शन रोड चौकी खुर्जा में बंद किया गया जिस पर 99300 रुपये जुमार्ना लगाया गया ।साथ ही साथ 5 ई-रिक्शा को बिना पेपर संचालित पाये जाने पर थाना खुर्जा सिटी में बंद किया गया तथा 3 अन्य वाहन विना पेपर संचालित पाये जाने पर बंद किया गया जिन पर 98100 रुपये जुमार्ना लगाया गया ।

# अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में नगर निगम को मिली सफलता

वेलकम इंडिया



**लखनऊ**। नगर निगम द्वारा निरंतर चलाए जा रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान के अंतर्गत बुधवार को ग्राम बिजनौर, तहसील सरोजनी नगर में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। मण्डलायुक्त महोदया एवं नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के नेतृत्व व मार्गदर्शन में अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव द्वारा गठित टीम ने सरकारी भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाया।

ग्राम बिजनौर की गाटा संख्या 219 मि (क्षेत्रफल 0.193 हेक्टेयर) एवं 103 (क्षेत्रफल 0.101 हेक्टेयर), जो कि राजस्व अभिलेखों में ऊसर खाते के रूप में दर्ज हैं और नगर निगम के स्वामित्व की संपत्ति हैं, को अतिक्रमण मुक्त किया गया। इन भूमियों पर कुछ स्थानीय लोगों द्वारा पूर्व में बिना विधिक विभाजन के पक्की सड़क का निर्माण कर सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया गया था। नगर निगम की टीम द्वारा पूर्व में भी तीन बार इस अवैध निर्माण को हटाया गया था, किन्तु बार-बार अतिक्रमण की पुनरावृत्ति की जा रही थी। कार्यवाही के लिए नगर निगम की टीम ने व्यापक तैयारी के साथ कार्य किया। कार्रवाई का नेतृत्व राजस्व निरीक्षक अविनाश चन्द्र तिवारी द्वारा किया गया। मौके पर नगर निगम के प्रभारी अधिकारी संपत्ति संजय यादव, तहसीलदार अरविन्द पाण्डेय तथा नायब तहसीलदार रत्नेश कुमार की देखरेख में कार्रवाई को अंजाम दिया गया।टीम में नगर निगम के लेखपाल मृदुल मिश्रा, अजीत तिवारी, क्षेत्रीय लेखपाल आदेश शुक्ला के साथ-साथ थानाध्यक्ष बिजनौर द्वारा उपलब्ध कराई गई पुलिस बल एवं नगर निगम की ई.टी.एफ. (एल्लू१ड्ढ्रैल्ल३ ळं२ह्य ऋड्ड१ू) टीम भी शामिल रही।

कार्रवाई के दौरान कुछ स्थानीय निवासियों द्वारा विरोध प्रदर्शन भी किया गया, किन्तु प्रशासनिक अधिकारियों की सूझबूझ एवं प्रभावी संवाद के चलते स्थिति को शांतिपूर्वक संभाला गया और पूरी कार्यवाही शांतिपूर्ण ढंग से पूरी की गई।कार्रवाई के अंतर्गत कुल 0.294 हेक्टेयर बेशकीमती सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया, जो अब नगर निगम की उपयोग में लाई जा सकेगी। यह कार्यवाही न केवल सरकारी सम्पत्ति की सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि अवैध कब्जाधारियों को स्पष्ट संदेश भी देती है कि प्रशासन किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं करेगा। नगर निगम लखनऊ द्वारा आगे भी इसी प्रकार की कार्यवाहियां नियमित रूप से जारी रखी जाएंगी ताकि नगर क्षेत्र में शासकीय संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# पोषण अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों पर जागरूकता सत्र का किया गया आयोजन



वेलकम इंडिया

**अमेठी**।जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पोषण पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गर्भवती महिलायें, धात्री मातायें एवं किशोरी बालिकाओं को बेनीफिशरी मॉड्यूल के बारे में जागरुकता सत्र (पंजीकरण, संशोधन, निगरानी) का आयोजन किया गया। जिसमें उनके पोषण स्तर में सुधार हेतु विस्तृत रुप से जानकारी प्रदान की गयी। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा विकास खंड शाहगढ़ के अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र कौहार पर आयोजित वी0 एच0 एस0 एन0डी0 सत्र का निरीक्षण किया गया जिसमें सभी सुविधायें ठीक पायी गयी केन्द्र पर एक सैम बच्चे का चिन्हांकन किया गया एवं विवरण ई-कवच पोर्टल पर कराते हुये स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुये विभागीय योजनाओं के माध्यम से पोषण स्तर में सुधार हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

# सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल में स्टुडोमैट्रिक्स ओरिएंटेशन का आयोजन

**गाजियाबाद**। सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल, वसुंधरा ने एक प्रेरणादायक पहल करते हुए अपने आधिकारिक स्टुडोमैट्रिक्स ओरिएंटेशन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया।इस अवसर पर छात्रों का स्वागत एक जीवंत आंदोलन के रूप में किया गया जो युवा नेतृत्व, सहयोग और सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देता है।

इस ओरिएंटेशन सत्र का मुख्य उद्देश्य छात्रों को स्टुडोमैट्रिक्स की संरचना, कार्यप्रणाली और उनके सक्रिय योगदान के अवसरों से परिचित कराना था। स्टुडोमैट्रिक्स एक अखिल भारतीय, छात्र-नेतृत्व वाला संगठन है, जो युवाओं को नेतृत्व की जिम्मेदारी निभाने, रचनात्मक विचार साझा करने और समाज में सकारात्मक प्रभाव छोडे के लिए मंच प्रदान करता है।कार्यक्रम में दो मुख्य वक्ता-स्टूडियोमेरठ की संयोजक त्रिवेणी दत्ता और समर्पित सार्वजनिक सेवा पेशेवर सुश्री गौरी मेहता ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने संगठन की कार्यशैली, उसकी राष्ट्रीय पहुंच और नेतृत्व की विभिन्न भूमिकाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने सरकार के आठ वर्ष पूरा होने पर दक्षिण विधानसभा में बाइक रैली का आयोजन किया

वेलकम इंडिया



**उज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार।** मेरठ दक्षिण विधानसभा के शास्त्रीनगर (पी०वी०एस० मॉल) से जागृति विहार (मेडिकल कॉलेज) तक बाइक रैली निकाली गई इस दौरान कार्यकताओं ने सरकार की योजनाओं को लेकर जागरूक किया और लोगों को भाजपा सरकार की उपलब्धियां बताईं। दक्षिण विधानसभा बाइक रैली के संयोजक युवा मोर्चा महानगर महामंत्री विनोद जाटव एवं सहसंयोजक अभिषेक ठाकुर रहे। बाइक रैली की शुरूआत राज्यमंत्री /दक्षिण विधानसभा विधायक डॉक्टर सोमेंद्र तोमर, ने भाजपा का झंडा दिखाकर की। इस दौरान राज्यमंत्री ने कहा कि इस रैली के माध्यम से भाजपा सरकार की नीतियों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है। भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री विवेक रस्तोगी जी ने कहा कि यह बाइक रैली हमारे युवाओं के जोश और उत्तर प्रदेश सरकार के प्रति विश्वास का प्रतीक है और सरकार की उपलब्धियां व कार्य आठ साल में अनगिनत रूप से सफलतापूर्वक प्रगति की ओर हैं। महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा अंकुर कुशवाहा ने कहा कि आज का युवा कल का विधायक एवं सांसद बन सकता है। प्रदेश सरकार की चल रही योजनाओं का युवा पूर्ण रूप से लाभ उठा रहे हैं और प्रदेश की उन्नति की ओर आगे बढ़ रहे हैं।इस अवसर पर दक्षिण विधानसभा अभियान प्रभारी श्री राहुल गुप्ता मीडिया प्रभारी विक्रम शर्मा अक्षय भड़ाना प्रशान्त सूर्यवंशी मोहित पुंडीर गलवेय त्यागी विशांत त्यागी आयुष कौशिक सुमित आदि मौजूद रहे।

# फेसबुक पोस्ट से अड़ींग का माहौल गर्म

वेलकम इंडिया

- चार दिन में पता नहीं लगा पाई पुलिस
- कौन है असल में पोस्ट को डालने वाला
- दूसरी पोस्ट करने वाले युवक का शांति भंग में चालान

**मथुरा**।सोशल मीडिया का दुरुपयोग अड़ींग में दो वर्गों के जी का जंजाल बना हुआ है। एक युवक की फेसबुक आईडी से वर्ग विशेष को टारगेट कर बेहद गंदी गाली गलौज वाली पोस्ट के चलते हाथापाई तक हो चुकी है।जिस युवक की आईडी से पोस्ट डाली गई वह सार्वजनिक तौर पर माफी मांग चुका है। उसने पुलिस को तहरीर दी है कि उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए किसी ने फेंक आईडी बनाकर ऐसा किया गया है।इस कृत्य को करने वाले को पकड़ा जाना समाज में इस तरह की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक है। यह मामला 12 अप्रैल की वायरल पोस्ट का है। 14 अप्रैल को एक अन्य युवक ने भी आपत्ति जनक पोस्ट डाल दी जिसका शांति भंग में चालान किया गया है। कन्हैया ठाकुर की फेसबुक आईडी से जाटव समाज को गंदी गालियां देते हुए एक पोस्ट 12 अप्रैल को ब्हाट्सअप ग्रुप में वायरल हुई। यह पोस्ट कन्हैया के फ्रैंड सर्किल में तो किसी को नहीं दिखी लेकिन जिस वर्ग से संबंधित थी उनके ग्रुप में डाली गई।कन्हैया के नाम से जाटव समाज को अपमानित करने वाली यह पोस्ट जाटोवों के ग्रुप में डलते ही जाटव समाज के युवा आक्रोश से भर गये। आनन फानन में कन्हैया को बुलाया गया।उससे पोस्ट के बारे में पूछा जाता इससे पूर्व ही एक युवक ने कन्हैया से हाथापाई कर दी।पलटवार करते हुए कन्हैया को बुलाने वाले जाटव समाज के युवकों ने खुद की जाति के युवक से हाथापाई कर दी और कहा कि पूछने तो दो कि मामला क्या है।

जाटव समाज के युवकों का गुस्सा होना लाजिमी था क्योंकि पोस्ट कन्हैया के नाम, फोटो लगी आईडी से डाली गयी।

# ना सरकारी आदेश की चिंता,ना नियमों की पालना, ऐसी है तहसीलदार सवाई माधोपुर : राजा भईया



**(सवाई माधोपुर)** -- जिले की सवाई माधोपुर तहसील में वर्तमान में तैनात तहसीलदार साहिबा को ना कानून की चिंता है ना सरकारी आदेशों की पालना का डर सरकारी नियम जाएं भाड़ में ? ऐसा ही आरोप लगाते हुए दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट और हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया ने आज पत्रकारों के समक्ष एक खुलासा किया बकौल राजा भईया ने बताया कि उन्होंने एक आरटीआई आवेदन दिनांक 03/02/2025 को रजिस्टर्ड डॉक से जिले के लोक सूचना अधिकारी एवं अऊट महोदय को भेज कर जनहित में कुल सात सूचनाऐं मांगी थीं जो ग्राम पचिपुला, पंचायत मथुरापुर आटून विधान सभा खंडार से संबंधित थी, उनके आवेदन को अऊट, लोक सूचना अधिकारी महोदय ने दिनांक 10/02/2025 को आरटीआई की धारा छ (तीन) के तहत सूचना देने हेतु तहसीलदार सवाई माधोपुर को स्थानांतरित कर सभी सूचनाऐं देने और उनके अधिकार क्षेत्र में ना आने वाली सूचनाओं के लिऐ आवेदन को संबंधित कार्यालय, विभाग को ट्रांसफर कर उन्हें सीधे सूचनाऐं देने का आदेश दिया था, परन्तु तीस दिन की समय अवधि बीत जाने के बावजूद भी तहसीलदार महोदया ने अऊट महोदय के आदेश की कोई पालना नहीं की और आरटीआई आवेदन को अवैध रूप से अपने कार्यालय में दबाए रखा आज लगभग दो माह बीत जाने के बाद जब आवेदक राजा भईया ने स्वयं सवाई माधोपुर तहसीलदार कार्यालय पहुंच कर इस बाबत पूछ ताछ की तब मौके पर मौजूद तहसीलदार महोदया ने अऊट द्वारा भेजे लेटर से अनभिज्ञता जताई जब राजा भईया ने उन्हें अऊट के भेजे लेटर की प्रति दिखाई और इस बाबत उच्च अधिकारियों को शिकायत करने की बात कही,तब वह स्टाफ की कमी होने का बहाना लगाने लगी और फिर खेद प्रगट करते हुए आनन फानन में तत्काल एक लेटर पटवारी हल्का आटून कलां को आज 16/04/2025 में जारी कर आरटीआई आवेदन में चाही गई सूचनाऐं बिन्दु अनुसार आज ही अपने कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने हेतु जारी किया,अऊट तथा तहसीलदार सवाई माधोपुर के पत्रों की प्रतियां पत्रकारों से साझा करते हुऐ राजा भईया ने कहा कि इससे स्पष्ट है कि तहसीलदार महोदया कितनी लापरवाही से अपनी जिम्मेवारी निभा रही हैं उन्हें ना तो सरकारी आदेशों की परवाह है और ना ही नियम कानून का डर है जबकि आरटीआई अधिनियम के अनुसार किसी भी आवेदक को मांगी गई सूचना देने के लिए तीस दिनों की एवं उसका आवेदन अन्य सम्बंधित लोक सूचना अधिकारी को ट्रांसफर करने के लिए पांच दिन की समय अवधि निर्धारित है।उन्होंने कहा कि तहसीलदार महोदया की इस लापरवाही से उन्हें आर्थिक मानसिक व शारिरिक पीड़ा के साथ साथ जल्द मिलने वाले न्याय / सूचनाओं से भी वंचित होना पड़ा है और तहसीलदार महोदया ने गैर जिम्मेदाराना व नियम विरुद्ध कार्य करते हुए आरटीआई अधिनियम का भी उल्लंघन किया है।

# आंबेडकर जयंती 2025 : हाथरस में फॉकस अल्ट्रासाउंड सेंटर के ओनर ने केक काटकर मनाई जयंती

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**

**हाथरस।** डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती सोमवार को जिले भर में धूमधाम से मनाई गई। इसी क्रम में शहर के वरिष्ठ समाजसेवी व फॉकस अल्ट्रासाउंड सेंटर के ओनर डॉ विकास शर्मा ने मथुरा रोड ओढ़पुरा स्थित पंचशील पार्क में आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली दी और उन्होंने अनुयायी और समर्थकों के साथ दीप जलाए और बाबा साहेब अमर रहें के नारे भी लगाए। जन्म दिन को लेकर उन्होंने एक केक काटकर बच्चों को वितरण किया और खुशी जाहिर की।इसके बाद वह भूरा नगला के आंबेडकर पार्क पर पंहुचा वंहा पर भी यही कार्यक्रम कर जन्म दिन मनाया। बाबा साहब अमर रहे के जयकारों से पार्क स्थल गूंजांयन रहा। डॉ विकास शर्मा ने कहा कि आज पूरे देश भर में अंबेडकर जयंती बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई है।इसी के साथ संविधान पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक न्याय, समानता और संविधान निर्माण में भारत रत्न बाबा साहेब के अमर योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वे महान समाज सुधारक, विधिवेता और संविधान निमार्ता थे। बाबा साहेब का संपूर्ण जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।डा. भीमराव अंबेडकर संविधान के निमार्ता थे। देश के प्रति उनके योगदान को हमेशा याद रखा जायेगा। उनकी जयंती के अवसर पर हम सभी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। उन्होंने जीवन भर सामाजिक भेदभाव, छुआछूत और असमानता के विरुद्ध संघर्ष किया और समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित समाज की नींव रखी। जिसमें डॉ. आंबेडकर के विचारों का अनुसरण करने की अपील की गई। इस मौके पर बाँबी, जितेन्द्र सिंह, ओम प्रकाश, विशाल, प्रवीन, मुकुल, विमल, अमन, रामपाल, सौराज, सुरेश चंद, नीतेश, गिजेन्द्र, संदीप और शिवम सहित आदि लोग मौजूद थे।



# संचारी रोग नियंत्रण के लिए कंपोजिट विद्यालय जोगीठेर में एंटी लार्वा दवा का किया गया छिड़काव




**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** परिषदीय कंपोजिट विद्यालय जोगीठेर में संपूर्ण स्वच्छता एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत बुधवार को एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं राष्ट्रपति पुरस्कार सम्मानित शिक्षक लाल बहादुर गंगवार के दिशा निर्देश में सफाई कर्मी ओमकार मौर्य ने संचारी रोगों की रोकथाम के लिए विद्यालय के प्रत्येक कक्षा कक्ष एवं विद्यालय परिसर कि प्रत्येक कोने में एंटी लार्वा दवा का छिड़काव किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक लाल बहादुर गंगवार ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार तथा बेसिक शिक्षा परिषद लगातार लोगों को जागरुक कर रहा है, इसी क्रम में विद्यालय की तरफ से सफाई कर्मचारी से निरंतर अपनी निगरानी में यह कार्य कराया जा रहा है।विद्यालय के बाहर सड़क, खाली प्लाटों व नालियों में कूड़ा डालने वाले ग्रामीणों को भी संचारी रोग नियंत्रण के लिए जागरूक किया जा रहा है। ग्रामीणों से घर के आसपास पानी जमा न होने दे, इसको लेकर जागरूक किया जा रहा है। वहीं घर के साथ-साथ गांव को भी स्वच्छ रखें जिससे पूरा गांव संचारी रोग से मुक्त रह सके। इस पर भी जोर दिया जा रहा है।

# रंगदारी न देने पर महिला से मारपीट, दबंगों ने रुकवाया निर्माण कार्य, 4 पर मुकदमा दर्ज




**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** सीबीगंज क्षेत्र में एक महिला को अपने ही प्लॉट पर निर्माण कार्य कराना भारी पड़ गया। महिला के पड़ोस में रहने वाले दबंगों ने निर्माण कार्य कराने को लेकर 1.5 लाख की रंगदारी की मांग की, जब पीड़िता ने पैसे देने से इनकार किया तो आरोपियों ने जमकर मारपीट की और गंदी-गंदी गालियां दीं यही नही दबंगों ने महिला को जान से मारने की धमकी तक दे डाली। पीड़िता का आरोप है कि दबंगों ने मौके पर पहुंचकर निर्माणधीन दीवार तोड़कर कार्य रुकवा दिया। पीड़ता ने इस मामले की शिकायत सीबीगंज पुलिस से की है।पीड़िता की तहरीर के आधार पर 4 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार सीबीगंज के पस्तौर गांव निवासी पीड़िता सुषमा देवी पत्नी रामसिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि वह अपने प्लॉट पर मकान निर्माण करवा रही थीं। इस दौरान पड़ोसी ओमकार पुत्र नोनीराम, उसकी पत्नी उर्मिला, बेटे दीपक और चंदे मौके पर आ धमके और निर्माण रुकवाने लगे। आरोप है कि इन लोगों ने निर्माण कार्य रुकवा दिया, और 1.50 लाख रंगदारी की मांग की। पीड़िता ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने मौके पर ही मारपीट की। पीड़ित महिला ने बताया है कि दबंगों ने मारपीट के दौरान उन्हे गंदी-गंदी गालियां दीं और जान से मारने की धमकी भी दी।वहीं दवंगों ने निमार्णाधीन दीवार को तोड़ दिया।पीड़िता का कहना है कि घटना के बाद से वह और उनका परिवार डरे और सहमे हुए हैं। उन्होंने थाना सीबीगंज में पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए लिखित शिकायत दी है।फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# प्रधानमंत्री पोषण एवं शक्ति निर्माण अभियान की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर** ,गोविन्द मेहता,जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री पोषण एवं शक्ति निर्माण अभियान की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने बच्चों को पोषणयुक्त आहार उपलब्ध कराने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने पोषण आहार में उपयोग किए जा रहे खाद्य पदार्थों की सभी मानकों पर सतत निगरानी रखने व नियमित निरीक्षण रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बच्चों के पोषण और भोजन की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत आवश्यक है कि बच्चों को ऐसा भोजन उपलब्ध कराया जाए जो न केवल स्वादिष्ट हो, बल्कि उनके मानसिक और शारीरिक विकास के लिए भी पूर्ण रूप से पोषक हो। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालयों में दिए जा रहे भोजन का मेन्यू संतुलित और पूर्व निर्धारित हो तथा उसमें स्थानीय और ताजे उत्पादों को प्राथमिकता दी जाए।भोजन की स्वच्छता को लेकर उन्होंने कहा कि रसोईघर की नियमित सफाई, शुद्ध जल की उपलब्धता और भोजन तैयार करने वाली भोजन माताओं की ड्रेस कोड का पालन अनिवार्य किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि केंद्रों पर किचन गार्डन विकसित किए जाएं, ताकि बच्चों को ताजे फल और सब्जियां मिल सकें। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और वजन-मापन को अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री पोषण अभियान के हर पहलू में पारदर्शिता, गुणवत्ता और संवेदनशीलता बनाए रखी जाए, ताकि हर बच्चा स्वस्थ, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहभागी बन सके। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी विनय कुमार आर्या, खण्ड शिक्षा अधिकारी गरुड़ कमलेश्वरी मेहता, कपकोट चक्षुपति अवस्थी, डीएसओ बब्लू पांडेय, पीएम पोषण समन्वयक प्रदीप सिंह, दुग्ध पर्यवेक्षक बॉबी कुमार, प्र.बीआरपी हेम चन्द्र लोहुमी, मार्केटिंग इंचार्ज पीताम्बर दत्त उपाध्यय, पुष्कर अलमिया आदि उपस्थित थे।

# बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू हो हिंदू जागरण मंच ने सौंपा ज्ञापन



**वेलकम इंडिया**

**शिकारपुर** -हिन्दू जागरण मंच ने पश्चिम बंगाल में हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मंच के जिला सहसंयोजक ललित जादौन ने उपजिलाधिकारी शिकारपुर और तहसीलदार शिकारपुर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की गई है। ललित जादौन ने बताया कि पश्चिम बंगाल में हिंदू समाज के खिलाफ हो रहे हमले मानवाधिकारों का उल्लंघन कर रहे हैं और राज्य की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है।रामनवमी और हनुमान जयंती पर आयोजित धार्मिक शोभायात्राओं पर हमले हुए, मंदिरों में तोड़फोड़ हुई और धार्मिक नारों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियाँ की गईं।इस दौरान आकाश सिंह, विष्णु ठाकुर, पंकज शर्मा मानपुर, अंकित चौधरी जमालपुर, अमित चौधरी डडुआ आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एक जमीन,दावेदार दो निगम ने अपनी बता कब्जा किया ध्वस्त

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** नगर निगम ने अवैध कब्जा करने वाले के खिलाफ रिफाइनरी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

बाद गांव पर नगर निगम की 405 हेक्टेयर भूमि हाइवे पर स्थित है। बेशकीमती जगह देख भूमाफियाओं को लालच आ गया और फर्जी दस्तावेज तैयार कर बीते रविवार को जगह पर कब्जा कर लिया और बाउंड्रीवाल निर्मित करा दी।नगरनिगम के अधिकारियों को पता लगते ही निगम का महाबली गरज उठा । बाउंड्रीवाल तोड़ दी। बोर्ड उखाड़ डाले।और निगम का नोटिस बोर्ड लगा दिया गया है।

लेखपाल थान सिंह ने गांव के विक्रम सिंह, चंद्रशेखर पुत्र हर्षवरूप, केहरी पुत्र वीरेंद्र के खिलाफ अवैध कब्जे की रिपोर्ट दर्ज कराई है।थानाध्यक्ष अजय वर्मा ने बताया निगम की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।बाद गांव निवासी एक महिला भी कब्जे के संबंध में शिकायत करने आई थी और अपनी जमीन का दावा कर रही थी जबकि नगर निगम के अधिकारियों द्वारा जमीन वृक्षारोपण के लिए दर्ज बताई है।

# 150 वर्ग मीटर में स्थल पर किये गये अवैध निर्माण को सील किया गया

**वेलकम इंडिया**




**बुलंदशहर।** डा० अंकुर लाठर, उपाध्यक्ष, बुलन्दशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण, बुलन्दशहर के निर्देशन में खुर्जा विकास क्षेत्रान्तर्गत खुर्जा में विकास प्राधिकरण के सचल प्रवर्तन दल के द्वारा जंक्शन रोड, एच.पी. पैट्रोल पम्प के सामने, निकट श्री राम मंदिर खुर्जा पर मायादेवी पत्नी रामेश्रवर दयाल द्वारा लगभग 150 वर्गमी० में स्थल पर किये गये अवैध निर्माण को सील किया गया।

उक्त अवैध निर्माण व विकास कार्य को बुलन्दशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण सक्षम प्राधिकारी, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्तागण एवं अन्य स्टाफ द्वारा पुलिस बल की उपस्थिति में सील किया गया। ध्वस्तीकरण व सील अभियान खुर्जा विकास क्षेत्र की सक्षम प्राधिकारी के कुशल नेतृत्व में निरन्तर चलाया जा रहा है। खुर्जा क्षेत्रान्तर्गत प्राधिकरण की सक्षम प्राधिकारी कर्मजीत कौर द्वारा बताया गया कि अवैध निमार्णों व विकास कार्यों के विरूद्ध कार्यवाही का अभियान अनवरत जारी रहेगा। प्राधिकरण की उपाध्यक्ष द्वारा जनता से अपील की गई है कि प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत बिना मानचित्र स्वीकृति के कोई निर्माण न करें एवं किसी अवैध कॉलोनी के अन्दर भूखण्ड क्रय-विक्रय न करें। इस सम्बन्ध में समस्त जानकारी प्राधिकरण के हेल्पलाईन नं0 8191978666 पर भी प्राप्त की जा सकती है।

# अड़ींग में विवाह सम्मेलन 30 को



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** सर्व समाज सेवा समिति के तत्वावधान में गांव अड़ींग में प्रथम सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारी बैठक सैनी धर्मशाला पर हुई। 30 अप्रैल को होने वाले सम्मेलन में पांच जोड़ों का पंजीकरण हो चुका है।

आयोजक अध्यक्ष प्रताप सिंह सैनी ने सभी पदाधिकारियों एवं सहयोगियों को तैयारियों की जानकारी दी। आयोजन में व्यवस्था संचालन को हर कार्य के लिए कमेटियों के गठन को पुनः 20 अप्रैल को मीटिंग रखी है। परचेसिंग कमेटी को वर-वधू के सामान की खरीद की जिम्मेदारी सौंपी गई।

उन्होंने कहा कि 20 अप्रैल को पंजीकरण बंद कर दिया जाएगा।बैठक में पूर्व प्रधान मंगतू, सचिव सत्य प्रकाश गर्ग , कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सैनी, आडीटर राजेन्द्र प्रसाद उर्फ गुड्डू, हरिश्चंद्र बघेल, नानक बघेल, नवल सैनी, अजीत सैनी, कल्लो प्रजापति, शंकर सैनी, चतरू सैनी, दिनेश मित्तल, डोरीलाल, यशपाल आदि मौजूद रहे।

# टीसीएस द्वारा हुआ पूल कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**गाजियाबाद।** डासना स्थित सुंदर दीप ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में बुधवार को टीसीएस कम्पनी द्वारा पूल कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस ड्राइव में देश के 100 से अधिक यूनिवर्सिटी और संस्थानों से आए बी.सी.ए एवं बी.एस.सी. (कंम्पयूटर साइंस, आईटी) के 300 से अधिक फाइनल ईयर के छात्रों ने भाग लिया। ड्राइव का आरम्भ टीसीएस के अधिकारियों का स्वागत करके किया गया। टीसीएस के अधिकारियों द्वारा चयन प्रक्रिया के माध्यम से इंटरव्यू सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर सुन्दर दीप ग्रुप के चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुंदरदीप समूह, अखिल अग्रवाल, एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो (डॉ) प्रसेंनजीत कुमार, प्रो वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव, आई.जी. पुलिस (से0नि0) आदि मौजूद रहे।

# कलम के सिपाहियों ने प्रदेश में चुना अपना नया सेनापति

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी के चुनाव में महेंद्र नाथ सिंह को भारी मतों से जीत मिली। वे अब उत्तर प्रदेश के नए प्रदेश अध्यक्ष हैं।उन्होंने वर्तमान अध्यक्ष सौरभ कुमार को 71 मतों के अंतर से हराया। प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर कैप्टन वीरेंद्र सिंह, रामनरेश चौहान और ओमप्रकाश द्विवेदी निर्वाचित हुए। महामंत्री पद पर डॉ. संजय कुमार द्विवेदी, केजी गुप्ता और नरेश पाल सिंह का चयन हुआ। अन्य पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ, जिसमें प्रदेश सचिव बने नागेश्वर सिंह, ऑडिटर चुने गए हौसिला प्रसाद त्रिपाठी, और संगठन मंत्री अजय भाटिया बने। कार्यकारिणी में 5 सदस्य निर्विरोध चुने गए, जिनमें सहयोग और संगठन के लिए समर्पित चेहरे शामिल हैं।इस ऐतिहासिक चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने का श्रेय निर्वाचन अधिकारी डॉ. केएन राय और हरिद्वार राय को गया। जिन्होंने पूरे चुनाव को पूरी पारदर्शिता और गरिमा के साथ संपन्न कराया। 60 जिलों से आए पत्रकार बनी एकता की मिसाल बने। इस अवसर पर प्रदेश भर के 60 जिलों से आए जिलाध्यक्षों व पदाधिकारियों की मौजूदगी ने इस आयोजन को एक आंदोलन का रूप दिया। जिसमें मुख्य रूप से आगरा मण्डल के अध्यक्ष अखिलेश सक्सैना तथा जनपद मथुरा के जिलाध्यक्ष विनोद अग्रवाल कराहरी वालों ने जनपद मथुरा से मिथलेश चौधरी तेजवीरसिंह पंकज लंवानियां अनुज सिंघल गौरव गुप्ता सुनील कुमार सतीश राजपूत के साथ मतदान में भाग लिया तथा आगरा जिलाध्यक्ष विष्णु सिकरवार बुलन्दशहर जिलाध्यक्ष विजय राघव अपने साथी सुरेन्द्र भाटी संजय गोयल हरिकेश सोलकी ललित शर्मा अलीगढ़ के जिलाध्यक्ष अनिल गोविल अपने साथी योगेश कौशिक विवेक शर्मा राजीव रतन विश्वास शर्मा अमन मलिक के साथ के साथ भाग लेकर मतदान किया। नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र नाथ सिंह ने कहा कि ह्लयह संगठन परिवार है, यहाँ पद नहीं, परिश्रम बोलता है। महेंद्र नाथ सिंह की जीत हम सबकी जीत है यह जीत हमारी पत्रकारिता की है।

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय देवीप्रसाद गुप्ता ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि संगठन ही शक्ति है कहा कि बाबू बालेश्वर लाल ने 1982 में इस संगठन की नींव इसलिए रखी थी ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के पत्रकारों को एक मंच मिल सके, जिससे उनकी समस्याएं खत्म कर उनके स्वाभिमान की रक्षा की जा सके। कहा कि इस संगठन को निरंतर गतिशील रखते हुए पत्रकारों के उत्थान के लिए लगाया गया कल्पवृक्ष आज भारत के सभी प्रदेशों में ग्रामीण पत्रकारों के लिये वरदान साबित हो रहा है।

# मोदी कॉलेज में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**वेलकम इंडिया**




**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** डॉ केएन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में छात्रों ने कला प्रवक्ता वर्षा रानी और रेखा रानी के नेतृत्व में डॉक्टर अंबेडकर जी के जीवन के तत्वों पर उनके क्रियाकलापों पर एक पोस्टर प्रदर्शनी आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने पोस्टर के द्वारा और पोस्ट में बने छायाचित्रों के द्वारा अंबेडकर जी के द्वारा किए गए कार्यों और उनके कृतित्व पर प्रकाश डाला कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम 28 अप्रैल तक प्रतिदिन कॉलेज के समर्पित शिक्षकों के नेतृत्व में छात्रों द्वारा किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि अंबेडकर जी के चरित्र पर उनके जीवन परिचय पर चिंतन करें मनन करें उन ऊंचाइयों को छुए जिनको आप छूना चाहते हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि कैसे-कैसे संघर्षों के दौरान अंबेडकर जी ने उच्च शिक्षा प्राप्त की शायद हम आज कल्पना भी नहीं कर सकते। लेकिन आज का छात्र सभी संसाधनों के होते हुए भी पढ़ाई में रुचि नहीं लेते हैं अतः हम उनके जीवन से शिक्षा लेकर अपने जीवन में भी कुछ आदर्शों को स्थापित करें ऐसा हम संकल्प लें। प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय और तृतीय आने वाले छात्रों को 28 अप्रैल में जब 15 दिवसीय कार्यक्रम का समापन होगा उस समय प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थानों पर चयनित छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रवक्ता तेजपाल सिंह, विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार सिंह, मयंक कुमार, राजीव कुमार, धर्मवीर सिंह आदि उपस्थित थे।

# जिला संयुक्त चिकित्सालय से 15 नई एंबुलेंस को स्वास्थ्य सेवाओं में सम्मिलित किया गया




**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** जनपद गाजियाबाद के जिला संयुक्त चिकित्सालय से 15 नई एंबुलेंस को स्वास्थ्य सेवाओं में सम्मिलित किया गया।इनमें 06 एंबुलेंस 102 श्रेणी की एवं 09 एंबुलेंस 108 श्रेणी की हैं जिससे जनपद में गर्भवती महिला एवं आकस्मिक स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार की सम्भावना हैं इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मोदीनगर (डॉ मंजू शिवाच) द्वारा हरी झंडी दिखाते हुए नई एंबुलेंस को रवानगी दी गई। कार्यक्रम के समय मुख्य चिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला संयुक्त चिकित्सालय एवं पैरामेडिकल स्टाफ के साथ जिला मलेरिया अधिकारी गाजियाबाद मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# गरुड़ क्षेत्र में गुलदार का आतंक

**वेलकम इंडिया**

- मटेना सिल्ली, मेलाडूँगरी,बैजनाथ सहित सब्जी सेरा में दहाड़ते नजर आ रहा है गांवों में
- वन विभाग से दहशत का पर्याय बन रहे गुलदार को रेस्क्यू करने की अपील

**गरुड़,** गरुड़ नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों लगातार गुलदार के दिखने से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। तहसील क्षेत्र के मटेना सिल्ली मोटर मार्ग में गत दिवस बाइक सवारों पर हमला करने के बाद अब गुलदार मेलाडूँगरी,बैजनाथ सहित अयारतोली के सब्जीसेरा बाजार में इन दिनों लगातार अलग अलग स्थानों में दहाड़ मारते हुए सुनाई दे रहा है।वही गड़खेत और बैजनाथ रेंज क्षेत्र में लगातार क्षेत्र में रात होते ही गुलदार की दहशत से ग्रामीण घरों में दुबकने को मजबूर है।साथ ही सभी लोग अपने परिजनों को समय से घर लौटने और झुंड बनाकर घर लौटने की अपील कर रहे हैं।वही गरुड़ में चल रहे तीन दिवसीय कत्यूर महोत्सव में रात्रि कार्यक्रमों को देखने को लेकर पहुंच रहे लोगों को भी घर आते समय गुलदार का हमला होने का भय सता रहा है।क्षेत्र के लोग कभी भी कोई अनहोनी होने से आशंकित है।लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में गत दिवस बाइक सवार युवकों पर गुलदार द्वारा हमला किए जाने से गुलदार के आदमखोर बनने का भय सता रहा है।क्षेत्रीय लोगों ने ऐसे में जगह जगह दिख रहे गुलदार के दहाड़ने की आवाजें सुनकर लोगों में आवासीय क्षेत्र में अपने मवेशियों और लोगों में अचानक किसी भी व्यक्ति पर पुनः हमला करने से कोई हादसा नही हो इसके लिए क्षेत्र में आतंक का पर्याय बन रहे गुलदार को पिंजरे में कैद करने की मांग की जाने लगी है।साथ ही वन विभाग द्वारा शीघ्र गुलदार को रेस्क्यू करने के लिए अभियान नही चलाए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।क्षेत्रीय कैलाश पवार, पवन रावत,गिरीश बिष्ट,जगदीश पांडे, राजेन्द्र सिंह,आदि ने वन विभाग से शीघ्र क्षेत्र में पिंजरे नही लगाए जाने और गुलदार को सुरक्षित वन क्षेत्र में नही भेजे जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।वही प्रभागीय वनाधिकारी ध्रुव सिंह मर्तोलिया ने बताया कि क्षेत्र में लगातार विभागीय कर्मी गश्त कर रहे हैं।उन्होंने सभी लोगों से रात्रि में सभी लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है।

# चरण सिंह सुमन समर्पित स्मृति ग्रंथ का विमोचन



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**धामपुर :** धामपुर में चरण सिंह सुमन को समर्पित स्मृति ग्रंथ विमोचन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी वर्ग शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन शुभम मंडप में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शंकरलाल शर्मा एवं संचालन सूर्यकांत सुमन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूर्य प्रकाश पाल उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश रहे। उन्होंने कहा कि हम लोगों को एकजुट रहना पड़ेगा और अपने छोटे-छोटे काम धंधे कुटीर उद्योगों को अपनाना होगा। आज हमारे समाज के साथ यह सारे कुटीर उद्योग धंधे खत्म होते जा रहे हैं। इसके साथ हमें जनसंख्या को बढ़ाने के लिए चार-पांच बच्चे हर घर में पैदा करने होंगे। तभी हम अपने समाज और देश की उन्नति ओर रक्षा कर सकेंगे। कार्यक्रम में चरण सिंह सुमन को समर्पित स्मृति ग्रंथ का विमोचन किया गया। विवेचन कार्यक्रम में सूर्य प्रकाश पाल उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश, डॉ शंकर लाल शर्मा, डॉ चंद्रमणि रघुवंशी, चौधरी रवि कुमार सिंह अध्यक्ष नगर पालिका धामपुर, डॉ एनपी सिंह, डॉ भारत भूषण कुलसचिव गुरुकुल कांगड़ी हरिद्वार, एस के राजपूत प्रबंधक आर एस एम डिग्री कॉलेज, लींना सिंघल पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका धामपुर, स्वामी लेखराज सिंह महाराज 116 वर्षीय स्वामी रामदास आदि शामिल रहे। सभी ने मंच से समाज को दिशा निर्देश देने का कार्य किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में डॉ हरिकांत सुमन डॉ एसके राजपूत, नरेंद्रजीत सिंह, दमयंती सिंह, ज्योतिषाचार्य बिंदु शर्मा, चंद्रकांत सुमन, डॉ निर्मल सुमन, पीयूष राजपूत, तबस्सुम आदि का सहयोग रहा। अंत में सूर्यकांत सुमन एवं डॉ हरिकांत सुमन द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# निखिल चक्रवर्ती ने मोदीनगर उपजिलाधिकारी का पद ग्रहण किया



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** जिलाधिकारी दीपक मीणा के आदेश पर मोदीनगर की उपजिलाधिकारी डा0 पूजा गुप्ता (आईएएस) को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट न्यायिक लोनी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उनके स्थान पर निखिल चक्रवर्ती ने यहां उपजिलाधिकारी का पद ग्रहण किया है। कार्यभार संभालने के बाद अनौपचारिक मुलाकात के दौरान उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं बतायीं। तहसील स्तरीय सभी कार्यों में पारदर्शिता लायी जाएगी तथा क्षेत्र की जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाएगा। भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा।

# पंचायत घर के निर्माण से लेकर नाली और मंदिर के चबूतरे तक लाखों का घोटाला हुआ साबित

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** जनपद के लीलौर बुजुर्ग ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यों में घोटाले की अंतिम जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। जिला अधिकारी रवींद्र कुमार ने ग्राम प्रधान राम रोशनी को बर्खास्त कर दिया है, जबकि तत्कालीन पंचायत सचिव अभिषेक और लघु सिंचाई विभाग के अवर अभियंता (जेई) हर्षित अग्रवाल के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। गांव के निवासी अशरफ खां ने वर्ष 2023 में ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यों, जैसे पंचायत घर निर्माण, नाली, चबूतरा और अन्य निर्माण कार्यों, में अनियमितताओं की शिकायत की थी। शिकायत के आधार पर जांच शुरू की गई। प्रथम द्दष्टया आरोपों की पुष्टि होने के बाद दिसंबर 2024 में ग्राम प्रधान के सभी वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार निलंबित कर दिए गए थे। जिसके बाद परियोजना निदेशक डीआरडीए और ग्रामीण अभियंत्रण सेवा (आरईएस) के एक्सईएन से अंतिम जांच करवाई गई। मार्च 2025 में सौंपी गई जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि,

सड़क और नाली निर्माण में 63,000 रुपए, शिव मंदिर तालाब के पास चबूतरे के निर्माण में 41,000 रुपए, क्रॉस नाली पर ड्रिप जाल के नाम पर 30,000 रुपए, पंचायत घर निर्माण में 72,500 रुपए, का फर्जी भुगतान दशार्या गया है। जांच कमेटी ने स्पष्ट किया है कि ग्राम प्रधान राम रोशनी, पंचायत सचिव अभिषेक और अवर अभियंता हर्षित अग्रवाल ने अपने अपने दायित्वों का सही ढंग से निर्वहन नहीं किया। इनकी लापरवाही से कुल 2,06,375 रुपए का सरकारी धन दुरुपयोग हुआ। इस प्रकरण को लेकर जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने कहा है कि वित्तीय अनियमितताओं की पुष्टि होने पर ग्राम प्रधान को पद से हटाया गया है। डीपीआरओ कमल किशोर ने जानकारी दी कि पंचायत सचिव और जेई पर विभागीय कार्रवाई के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# 4 मई को भगवान परशुराम जी की शोभा यात्रा बड़े धूम धाम से निकाली जाएगी

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** भगवान परशुराम शोभा यात्रा समिति की एक बैठक का आयोजन मोदी स्टील कार्यालय पर किया गया। जिसमे तय हुआ की हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी भगवान परशुराम जी की शोभा यात्रा बड़े धूमधाम से निकाली जाएगी। शोभा यात्रा 4 मई दिन रविवार को प्रातः10 बजे सीकरी कला से प्रारम्भ होकर भगवान परशुराम मंदिर पुरानी तहसील तक जाएगी। शोभा यात्रा का दर्जनों स्थानों पर स्वागत भी किया जायेगा। शोभायात्रा मे सुन्दर सुन्दर झांकियां शामिल होंगी। शोभायात्रा के बाद परशुराम मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन होगा। इस मौके पर प्रदीप शर्मा सभासद, बबलू कौशिक सभासद, ललित त्यागी सभासद, प्रमोद शर्मा एडवोकेट, पप्पन शर्मा, जय प्रकाश शर्मा, सुनील द्विवेदी, सुनील शर्मा बबलू लाइट, संदीप शर्मा, सचिन शर्मा, अमित शर्मा एडवोकेट,शुभम् शर्मा, प्रभास शर्मा, कौशल शर्मा, जसवीर त्यागी,दीपक वत्स, धर्मेन्द्र त्यागी, सागर शर्मा राज किशोर शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

# स्यालदे बिखोती मेला भंडारे के साथ संपन्न

**वेलकम इंडिया**



**कपकोट (बागेश्वर )** तहसील मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत कपकोट की मनोरम पहाड़ी पर स्थित श्री श्री 1008 काशिल देव के पावन धाम में आयोजित क्षेत्र का सुप्रसिद्ध स्यालदे बिखोती का मेला भंडारे के साथ संपन्न हो गया है।

मेले में सुबह से ही श्रद्धालुओं भीड़ जुटी रही।वहीं स्थानीय विधायक सुरेश गड़िया ने भी मंदिर पहुंचकर वहां पूजा अर्चना की और क्षेत्र की सुख सम्रद्धि की कामना की।विधायक गड़िया का मंदिर कमेटी पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।वही विधायक गढ़िया ने सभी भक्तों को सम्बोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र की आस्था का मंदिर में श्रद्धालुओं को मंदिरपरिसर में उचितसुविधाएं मिले इसके लिए जल्द मंदिर का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। वही नगर पंचायत अध्यक्षगीता ऐठानी ने भी मंदिर में पूजा अर्चना की। ग्रामीणों ने काशिल देव को नए अनाज से बना भोग अर्पित किया गया। मंदिर में दूर दूर से पहुँचे श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कीह्न भक्तों ने मनौती पूरी होने पर मंदिर में दुर्गा सप्तशती का पाठ करवाकर शंख, घंटियां समेत अन्य पूजा के काम आने वाले बर्तन चढ़ाए।श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में स्थापित भगवती माता, बाण देवता, राधा कृष्ण औ? हनुमान जी के मंदिर में भी पूजा की।चेली बेटियों ने राजा रत कपकोटी की बेटी के मंदिर में गुड़िया बनाने के काम आने वाले वस्त्र चढ़ाए।

# व्यापारियों ने नवागत थाना अध्यक्ष का किया स्वागत



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुरः** नवनियुक्त थाना अध्यक्ष नूरपुर का उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संघटन के पदाधिकारी ने स्वागत किया और उनके अच्छे कार्य की करने की कामना की नगर के लोगों और व्यापारियों की समस्या का समाधान करने और सब के साथ मिलकर शांति व्यवस्था बनाने का आश्वासन दिया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष महेंद्र सिंह, नगर महामंत्री राहुल यादव (पिज्जा सिटी वाले), सुधीर चौहान, प्रेमपाल सिंह रवि, सचिन चौहान, सरदार राजेंद्र सिंह, बनारसी ज्वेलर्स वाले रहे।

# फादरसन पब्लिक स्कूल में हाउस पदों के लिए चयन संपन्न



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**चान्दपुर :** फादरसन पब्लिक स्कूल में विद्यालय के चार सदनों - पैसिफिक, अमेजन, नाइल और ज्यूपिटर के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण पदों का चयन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह चयन प्रक्रिया विद्यालय के सभागार में आयोजित की गई। जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चयनित पदों में हाउस कैप्टन, हाउस वाइस कैप्टन, स्पोर्ट्स कैप्टन, डिसिप्लिन कैप्टन, सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रमुख, प्रिफेक्ट्स और स्वयंसेवक शामिल हैं। प्रत्येक सदन से इन विभिन्न जिम्मेदारियों के लिए योग्य और उत्साही छात्रों को चुना गया। विद्यालय के प्रिंसिपल अमन कुमार सूर्यवंशी ने सभी नवनियुक्त जिम्मेदारी धारकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में छात्रों को उनकी नई जिम्मेदारियों के महत्व के बारे में बताया और उन्हें भविष्य में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह पद छात्रों को नेतृत्व क्षमता विकसित करने और विद्यालय के अनुशासन, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर प्रदान करते हैं। प्रिंसिपल अमन कुमार सूर्यवंशी ने छात्रों को टीम भावना के साथ काम करने और विद्यालय के गौरव को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय प्रशासन छात्रों को उनकी जिम्मेदारियों को निभाने में हर संभव सहायता प्रदान करेगा। यह चयन समारोह फादरसन पब्लिक स्कूल के छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन रहा। जिसने उन्हें नेतृत्व और जिम्मेदारी के महत्व को समझने का अवसर दिया। चयनित छात्र अब आगामी शैक्षणिक सत्र में अपने-अपने सदनों का नेतृत्व करेंगे और विद्यालय के विकास में अपना योगदान देंगे।

# किसान दिवस में लगभग 100 कृषकों तथा सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारियों ने किया प्रतिभाग

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। उप कृषि निदेशक द्वारा गत किसान दिवस की शिकायतों की अनुपालन आख्या का विस्तृत ब्योरा समस्त कृषकों के सम्मुख पढ़कर सुनाया गया, जिसमें गत किसान दिवस की कुछ शिकायतों के निस्तारण पर कृषकों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया। कुछ शिकायतों के सम्बंध में संबंधित जनपदीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने विभाग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण अतिशीघ्र कर कृषक एवं उप कृषि निदेशक गाजियाबाद को आख्या उपलब्ध करायें। बैठक में जिला अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन एवं कृषक अरूण दहिया, प्रमोद कुमार त्यागी, राजेश चौधरी, सतेन्द्र तोमर आदि कृषकों द्वारा विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग, गन्ना विभाग, लोक निर्माण विभाग से सम्बंधित प्रार्थना पत्र दिये गए। बैठक में अपर नगर आयुक्त, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, लोक निर्माण, सिंचाई के साथ-साथ अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। किसान दिवस में लगभग 100 कृषकों तथा सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# टीबी मुक्त भारत: 25 क्षय रोगियों को मिला पोषण व स्वास्थ्य सहयोग



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सामाजिक सहयोग की मिसाल पेश करते हुए इनर व्हील क्लब गाजियाबाद ग्रेटर की अध्यक्ष सुषमा गुप्ता और संध्या त्यागी के प्रयासों से एक सराहनीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बुधवार को पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल की उपस्थिति में 25 क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण पोटली व सैनिटरी पैड वितरित किए गए, जिससे उनके रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा मिले। डॉ. अनिल अग्रवाल ने इस अवसर पर रेड क्रॉस की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय संस्था सरकार के साथ मिलकर जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। टीबी की सघन जांच अभियान में रेड क्रॉस गाजियाबाद के स्वयंसेवकों ने सुभाष गुप्ता के नेतृत्व में दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को जांच और इलाज के लिए प्रेरित किया। रेड क्रॉस उपाध्यक्ष व सीएमओ डॉ. अखिलेश मोहन ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग, टीबी विभाग और रेड क्रॉस के सामूहिक प्रयास से ही यह अभियान अत्यंत सफल रहा है। उन्होंने डॉ. अनिल अग्रवाल का विशेष रूप से कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों, चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों को प्रतीक चिन्ह व पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनिल यादव ने इस सफलता का श्रेय रेड क्रॉस सभापति डॉ. सुभाष गुप्ता, सचिव डॉ. किरण गर्ग, डॉ. अमित विक्रम, डॉ. नेहा, डॉ. संजय गुप्ता, दीपाली गुप्ता, सुमन लता, सुषमा गुप्ता, संध्या त्यागी, राकेश चतुर्वेदी, डी.सी. बंसल, छोटेलाल कनौजिया, विपिन अग्रवाल, नागेंद्र समेत सभी सहयोगियों को दिया। कार्यक्रम के अंत में भाजपा नेता राहुल गोयल ने भविष्य में हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते हुए इस नेक कार्य की सराहना की।

# 36 बिरादरियों ने लोनी विधायक को भेंट किया नया कुर्ता

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** लोनी क्षेत्र में एक अनूठा और हृदयस्पर्शी घटनाक्रम सामने आया, जब 36 बिरादरियों के प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर लोनी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर को नया कुर्ता भेंट किया। यह घटना न केवल सामाजिक एकता का प्रतीक है, बल्कि विधायक के प्रति क्षेत्रवासियों के अटूट समर्थन और विश्वास को भी दर्शाती है। यह आयोजन लोनी की सांस्कृतिक और सामाजिक विविधता को उजागर करने के साथ-साथ नंदकिशोर गुर्जर की जनसेवा और उनके द्वारा उठाए गए जनहितकारी मुद्दों की सराहना का भी एक माध्यम बना। लोनी विधानसभा क्षेत्र, जो गाजियाबाद जिले का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, अपनी सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता के लिए जाना जाता है। यहां विभिन्न जातियों, समुदायों और बिरादरियों के लोग सदियों से एक साथ रहते आए हैं। हाल ही में, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर सुर्खियों में रहे हैं, खासकर उनके द्वारा उठाए गए जनहित के मुद्दों और स्थानीय प्रशासन के साथ उनके टकराव के कारण। विशेष रूप से, मार्च 2025 में रामचरितमानस की कलश यात्रा के दौरान पुलिस के साथ हुए विवाद ने उनके कुर्ते के फटने की घटना को राष्ट्रीय चर्चा का विषय बना दिया था। इस घटना के बाद, नंदकिशोर गुर्जर ने फटे कुर्ते में ही प्रेस कॉन्फ्रेंस की और प्रशासन के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की, जिससे उनकी छवि एक निडर और जनता के लिए समर्पित नेता के रूप में और मजबूत हुई। इसी घटना के बाद, लोनी की 36 बिरादरियों ने एकजुट होकर विधायक के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करने का निर्णय लिया। विभिन्न समुदायों के लोगों ने मिलकर एक भव्य समारोह का आयोजन किया, जिसमें नंदकिशोर गुर्जर को नया कुर्ता भेंट किया गया। यह कुर्ता न केवल एक वस्त्र था, बल्कि यह क्षेत्र की जनता के प्यार, सम्मान और एकता का प्रतीक था। इस आयोजन में गुर्जर, जाट, त्यागी, ब्राह्मण, वैश्य, राजपूत, दलित, मुस्लिम और अन्य समुदायों के लोग शामिल हुए, जिसने लोनी की सामाजिक एकता को और गहरा किया।

यह समारोह लोनी के एक प्रमुख सामुदायिक केंद्र में आयोजित किया गया, जहां हजारों की संख्या में लोग एकत्र हुए। कार्यक्रम की शुरूआत स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुई, जिसमें भक्ति गीत, लोकनृत्य और रामचरितमानस की चौपाइयों का पाठ शामिल था। इसके बाद, 36 बिरादरियों के प्रतिनिधियों ने मंच पर आकर विधायक नंदकिशोर गुर्जर का स्वागत किया।

# फॉर्मल ड्रेस कोड अनिवार्य: डीएम ने जींस-टीशर्ट पर लगाई सख्त रोक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** सरकारी कार्यसंस्कृति को मर्यादित और अनुशासित बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए जिलाधिकारी डीएम दीपक मीणा ने कलेक्ट्रेट में कार्यरत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए फॉर्मल ड्रेस कोड अनिवार्य कर दिया है।

अब कोई भी कर्मचारी जींस और टी-शर्ट पहनकर कार्यालय नहीं आ सकेगा। साथ ही, रंग-बिरंगे कपड़ों पर भी पूरी तरह रोक लगा दी गई है। यह आदेश तब आया जब मंगलवार को डीएम दीपक मीणा आमजन की शिकायतें सुन रहे थे और उसी दौरान एक कर्मचारी जींस पहनकर उनके सामने फाइल लेकर पहुंचा। यह दृश्य देख डीएम नाराज हो गए और कर्मचारी से सख्ती से पूछा कि वह जींस क्यों पहनकर आया है। डीएम ने यहां तक कह दिया कि अगर तुम्हारे पास पैंट नहीं है तो मैं अपनी पैंट दे सकता हूं। इस पर कर्मचारी ने माफी मांगते हुए दोबारा ऐसा न करने की बात कही। घटना के तुरंत बाद डीएम ने एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह को निर्देश दिए कि अगले दिन से कोई भी अधिकारी या कर्मचारी जींस-टीशर्ट पहनकर कार्यालय न आए। सभी को फॉर्मल कपड़ों में ही ड्यूटी करनी होगी और नियम का सख्ती से पालन किया जाएगा। डीएम ने स्पष्ट किया कि यदि किसी कर्मचारी को त्वचा संबंधित चिकित्सकीय समस्या है, तो वह सरकारी डॉक्टर से परीक्षण करा सकता है। डॉक्टर की रिपोर्ट के आधार पर ही उसे टी-शर्ट पहनने की अनुमति दी जा सकेगी। यह आदेश केवल कार्यालय परिसर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जिला मुख्यालय में होने वाली सभी बैठकों में भी लागू होगा। कोई भी अधिकारी या कर्मचारी बैठक में अनौपचारिक पोशाक में शामिल नहीं हो सकेगा।

डीएम दीपक मीणा ने कहा, सरकारी कार्यालय में कपड़े पहनने की भी एक मयार्दा होती है। यह नियम सभी–पुरुष और महिला कर्मचारियों–पर समान रूप से लागू है। इस फैसले को कर्मचारियों की कार्यशैली को और अधिक अनुशासित और व्यावसायिक बनाने की दिशा में एक ठोस पहल माना जा रहा है।

# तीन बार तलाक के मामले ने पकड़ा तूल

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** थाना साहिबाबाद क्षेत्र में शादी में गई एक महिला को उसके शौहर ने मामूली झगड़ा होने के बाद तीन बार तलाक तलाक तलाक बोलकर निजात पा ली। विवाहिता की शिकायत पर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाना साहिबाबाद में दी तहरीर में शहनाज पत्नी नईम निवासी हक्कानी मस्जिद शहीद नगर अपने पापा यासीन पुत्र बुन्दु के यहां शादी के प्रोग्राम में आई थी। मेरे पति नईम व उसके दो भाई चांद और सफी अनवर पुत्र सफीक तीनों शादी में आए हुए थे। रात को करीब 1 बजे नईम व उसके दोनो भाइयों ने मेरे साथ मार पिटाई व गाली गलौच की। जब मेरे भाई दिलशाद ने रोकने की कोशिश की तो उन्होंने गोली मारने की धमकी दी और शोर शराबे में पति नईम ने शहजाद पुत्र यासीन व कमरु पुत्र इद्दु व सफीक पुत्र यासीन इनके सामने तलाक देने की धमकी दी फिर नईम के भाई ने कहा कि तुम तलाक दो हम देख लेंगे यह कहते हुए भाग गए, जिसमें हमने नईम को पकड़ लिया तो नईम ने कहा में तलाक दे रहा हूं, जो तुमसे हो सके वो कर लो में नहीं डरता।

# प्रोपर्टी डीलर ने पत्नी की हत्या के बाद खुद की आत्महत्या, सुसाइड नोट से खुला राज

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** मैरे बच्चे बहुत अच्छे हैं। मैने और पत्नी ने तय किया था और कसम खाई थी कि संग जीएंगे और संग ही मरेंगे। मुझे केंसर है। मैं अपने पीछे पत्नी को अकेला नहीं छोडा चाहता। लिहाजा पत्नी को मारकर खुद आत्महत्या कर रहा हूं। ये नोट लिखने के बाद यूपी पुलिस के रिटायर्ड दरोगा के बेटे ने खुद ही लाइसेंसी पिस्टल से पहले पत्नी को गोली मारी फिर खुद आत्महत्या कर ली।

इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने से पहले कुलदीप त्यागी नाम के प्रॉपर्टी डीलर ने नोट में जिक्र किया कि उसे केंसर है। इस बात से घर में अभी सब अंजान हैं। मैं नहीं चाहता कि किसी को मेरी वजह से परेशानी हो या फिर मेरे ईलाज के खर्च का बोझ झेलना पड़े। पत्नी के साथ जीवन भर संग जीने-मरने की कसम खाई थी लिहाजा मेरे बाद उसे कोई परेशानी न हो हम दोनों साथ ही जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक जहां कुलदीप त्यागी प्रॉपर्टी डीलर के रूप में काम करते थे, वहीं उनके पिता चंद्र स्वरूप त्यागी यूपी पुलिस में दारोगा के पद से सेवानिवृत्त हैं। वे गाजियाबाद में भी तैनात रहे हैं। वहीं कुलदीप के दो बेटे रोहित और वैभव हैं। दोनों बेटे नौकरी करते हैं। कुलदीप का परिवार मूल रूप से मेरठ के बिजौली गांव का रहने वाला है। कुलदीप के इस कदम से पूरे परिवार में मातम का माहौल छाया हुआ है। सब कुलदीप के इस फैसले पर हैरान हैं। एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा का कहना है कि सुसाइड नोट और मौके के हालातों से तो फिलहाल मामला हत्या और आत्महत्या का ही प्रतीत हो रहा है। लेकिन मौके पर फोरेंसिक टीम से भी पड़ताल कराई गई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भी भेजा गया है। फारेंसिक और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद चीजें पूरी तरह से साफ होंगी।

# बरसात से पूर्व निगम ने शुरू किया 9 प्रमुख नालों का निर्माण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा बरसात से पूर्व जल निकासी को सुचारू बनाए रखने के लिए प्लान करते हुए 9 प्रमुख नालों के निर्माण का कार्य प्रारंभ कराया है।

जिन पर तेजी से कार्य निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है शहर के पांचो जोन अंतर्गत इन प्रमुख नालों का निर्माण हो रहा है। जिसमें विजयनगर अंतर्गत दो प्रमुख नाले बनाए जा रहे हैं, मोहन नगर जोन अंतर्गत चार प्रमुख नाले बनाए जा रहे हैं, वसुंधरा जोन अंतर्गत एक प्रमुख नाला बनाया जा रहा है, कवि नगर जोन अंतर्गत एक प्रमुख नाला बनाया जा रहा है, सिटी जोन अंतर्गत एक प्रमुख नाला बनाया जा रहा है। मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि महापौर तथा नगर आयुक्त की निर्देश अनुसार 15 वें वित्त के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण कार्यों को गिरफ्तार से कराया गया है। जिसमें बरसात से पूर्व जल निकासी को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। विजयनगर जोन वार्ड संख्या 25 अंतर्गत बाईपास से राठी रोड पर बालाजी स्वीट तक आरसीसी नाले का निर्माण चल रहा है। इसी क्रम में मेडिकल तिराहा एवं दव चौक से माननीय अंबेडकर पार्क तक वार्ड संख्या 15 में नाला निर्माण का कार्य कराया जा रहा है।

## लोहिया पार्क से सटे मुख्य नाले की सुरक्षा दीवार टूटने से बढ़ा खतरा

**गाजियाबाद।** राजेंद्र नगर स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया पार्क से सटे मुख्य नाले की सुरक्षा दीवार टूटने से हादसे का खतरा बढ़ गया है। शालीमार गार्डन और राजेंद्रनगर के मुख्य मार्ग पर बना नाले में पूरे इलाके की गंदगी आती है। नाले में कूड़ा इका होने से यह चोक हो गया है और अधिकांश हिस्से में सुरक्षा दीवार टूटने से लोगों को हादसे का डर भी सता रहा है। लोहिया पार्क से आराधना तक एक किलोमीटर लंबी सड़क के साथ बने नाले पर सुरक्षा दीवार बनाई गई थी। मुख्य मार्ग पर यातायात का दबाव अधिक होने के चलते यह दीवार बनाई गई थी ताकि कोई वाहन अनियंत्रित होकर इसमें न गिर जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि अधिकांश हिस्से में दीवार गिर चुकी है। इसमें कई मवेश भी गिर चुके हैं। इन्हें बमुश्किल निकाला गया है। बच्चे घर से खेलने के लिए बाहर आते हैं तो उनके नाले में गिरने का खतरा बना रहता है। स्थानीय नीवासी जुगल किशोर ने बताया कि इस मुद्दे को नगर निगम गाजियाबाद के समक्ष कई बार उठाया गया, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। नाला कचरे से भरा हुआ है। बरसात के दिनों में गंदा पानी सड़कों पर फैलकर आमजन के लिए मुसीबत बन सकता है। सफाई न होने से नाले से उठ रही बदबू भी लोगों को परेशान कर रही है। मोहननगर के जोनल प्रभारी आरपी सिंह का कहना है कि नालों की सफाई जल्द शुरू होगी। इसके बाद सुरक्षा दीवार का कार्य भी कराया जाएगा।

## दो माह पूर्व बनी पुलिया टूटी

गाजियाबाद। गांव असालतनगर में दो माह पहले बनाई गई पुलिया टूटने से दिक्कत हो रही। मामले में बुधवार को महिलाओं ने घटिया निर्माण सामग्री लगाने का आरोप लगाकर हंगामा किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि नगर पालिका परिषद मुरादनगर ने दो माह पहले वार्ड नंबर एक में आने वाले गांव असालतनगर में इंटरलॉकिंग सड़क, नाली और पुलिया का निर्माण कराया था। वार्ड में रहने वाले उत्तम त्यागी ने बताया कि जब सड़क निर्माण कार्य हो रहा था तो उस समय ग्रामीणों ने घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। साथ ही, अधिकारियों से शिकायत भी की थी। आरोप है कि पालिका के अधिकारियों ने शिकायत को अनदेखा कर दिया। यही कारण है कि निर्माण के दो माह बाद ही सड़क कई जगह से धंस गई है। वहीं, पुलिया टूट गई है। इतना ही नहीं, नाली का प्लास्टर भी गया है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क धंसने और पुलिया टूटने से नाराज महिलाओं ने हंगामा किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़क और पुलिया ठीक नहीं कराई गई तो पालिका के साथ तहसील पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस संबंध में नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कराई जाएगी। यदि निर्माण कार्य में लापरवाही बरती गई है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों से शिकायत की जाएगी। जल्द निर्माण कार्य कराया जाएगा।

# ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कांग्रेस पार्टी ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के खिलाफ प्रदर्शन किया। जिला मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा व महानगर अध्यक्ष वीरसिंह जाटव के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने आवाज बुलंद की। कांग्रेसियों का आरोप है कि केंद्र सरकार राजनीतिक विरोधियों को दबाने के लिए ईडी का दुरुपयोग कर रही है। कांग्रेस का कहना है कि हाल के दिनों में जिन नेताओं पर ईडी की कार्रवाई हुई है, वे सभी विपक्षी दलों से जुड़े हुए हैं। कांग्रेसा सरकार की विचारधारा की तानाशाही के खिलाफ आवाज बुलंद करती रहेगी। इस मौके पर पूर्व प्रदेश महासचिव डा. संजीव शर्मा, बिजेन्द्र यादव, पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, वीर सिंह चौधरी, अनुज चौधरी, अश्वनी त्यागी, लोकेश चौधरी, कमलेश कुमारी एडवाकेट, यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आसीफ सैफी, सुरेन्द्र शर्मा, महेन्द्र गौतम, नरेन्द्र राठी सहित काफी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे। कांग्रेस के नए महानगर और जिलाध्यक्ष की नियुक्ति के बाद आखिर कांग्रेसी एकजुटता का संदेश देते दिखाई दे रहे है, महानगर और जिला वाले एक साथ धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंप रहे है, कुछ नेता जो काफी समय से अपने घरों से निकल नहीं रहे थे वह भी अब सड़क पर दिखाई दे रहे है, जिला अध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष का साथ कांग्रेसी खूब दे रहे है, हालांकि अभी तक कांग्रेस की कमेटी की चक्कर इसमें दिखाई दे रहा है, इस लिए जिला और महानगर अध्यक्ष के पास दिखाई दे रहे है। अब देखने वाली बात यह होगी कि इनमें से कितने नेता कमेटी वाले मामले में फिट होते दिखाई देंगे, क्योंकि यहा कांग्रेसियों में पद की चाह ज्यादा दिखाई देती है इस लिए तो पदाधिकारी बनकर कई तो घर पर भी बैठ जाते है लेकिन एक सप्ताह के अंदर कांग्रेसियों ने जिस तरह से जिला मुख्यालय पर आवाज बुलंद की है, उससे साफ संदेश भी जाता है कि विपक्ष की भूमिका में कांग्रेस आती दिखाई दे रही है और यूपी में कांग्रेस के संगठन मिलेगी।